Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 221 | मंगलवार, 12 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पुणे में मंदिर जा रहे

# श्रद्धालुओं से भरी वैन खाई में गिरी, 10 महिलाओं की मौत

नई दिल्ली।

महाराष्ट्र के पुणे में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। एक पहाड़ी इलाके में एक पिकअप वैन के सड़क से गिर जाने से मंदिर जा रही दस महिलाओं की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एक पुलिस अधिकारी ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि वैन में करीब 40 यात्री सवार थे, जिसमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। वाहन दोपहर करीब एक बजे चालक के नियंत्रण खो देने के बाद सड़क से उतरकर 25 से 30 फीट नीचे जा गिरा। पीड़ित पापलवाड़ी गांव के रहने वाले थे और श्रावण मास के शुभ सोमवार को मनाने के लिए खेड़ तहसील में श्री क्षेत्र महादेव कुंडेश्वर मंदिर जा रहे थे। स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।




**पीएम मोदी ने जताया दुख**

अधिकारी ने बताया, ₹10 महिलाओं की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए।₹ उन्होंने बताया कि 10 एम्बुलेंसों ने घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुणे में हुई दुर्घटना में हुई लोगों की मौत से उन्हें गहरा दुख हुआ है। पीएमओ ने कहा, ₹दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी इस त्रासदी पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।

# पाकिस्तान को दर्द दे रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' का घाव

नई दिल्ली।



भारत के सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बुरी तरह झल्लाया हुआ है और इसका ताजा उदाहरण तब देखने को मिला जब जून 2025 से इस्लामाबाद में स्थित भारतीय उच्चायोग पर पाकिस्तान ने खास तरह की पाबंदियां लगा दी है।

इसमें सबसे अजीब पाबंदी है कि भारतीय राजनयिकों को स्थानीय अखबारों की सप्लाई रोक दी गई है। सूत्रों का कहना है कि यह कदम भारत क सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में उठाया गया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार ने स्थानीय अखबार विक्रेताओं को वितरकों को साफ निर्देश दिए हैं कि वे भारतीय उच्चायोग को कोई भी अखबार या छपी हुई सामग्री न दें। इस वजह से वहां तैनात भारतीय राजनयिकों को पाकिस्ता के स्थानीय समाचार, घटनाक्रम और मौजूदा हालात की जानकारी प्रिंट मीडिया से नहीं मिल पा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जानबूझकर उठाया गया कदम है, ताकि भारतीय अधिकारियों तक स्थानीय जानकारी न पहुंचे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को जानबूझकर, सोची-समझी और वियना संधि के उल्लंघन जैसा बताया है। वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस के तहत, किसी भी देश में विदेशी राजनयिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से काम करने का अधिकारी है।

## 'तलाक-ए-हसन' मामले में 19-20 नवंबर को होगी अंतिम सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'तलाक-ए-हसन' और अन्य सभी प्रकार के 'एकतरफा न्यायेतर तलाक' को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए 19-20 नवंबर की तारीख तय की। 'तलाक-ए-हसन' मुसलमानों में तलाक का एक ऐसा रूप है जिसके तहत कोई पुरुष तीन महीने की अवधि में हर महीने एक बार 'तलाक' कहकर अपनी शादी तोड़ सकता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने पीड़ितों और अन्य असंतुष्ट पक्षों की याचिकाओं सहित विभिन्न याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई की तारीख तय करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से विचार मांगे।

## देर रात जमकर बरसे बदरा, सड़कें बनी तालाब



**नई दिल्ली।** सोमवार देर रात दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश देखने को मिली। जहां एक तरफ इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं, दूसरी तरफ कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया। इससे पहले शनिवार को तेज बारिश हुए थी। मौसम विभाग ने दिल्ली में शनिवार और रविवार को हल्की बारिश का अनुमान लगाया था। दिल्ली-एनसीआर में 9 अगस्त को हुई मूसलाधार बारिश के बाद मानसून धीमा पड़ गया था।

# ट्रंप का दावा- भारत में रूसी तेल आयात पर टैरिफ से मॉस्को को तगड़ा झटका, रूस की अर्थव्यवस्था पर असर

वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि रूस से भारत में होने वाले तेल के आयात पर उन्होंने जो टैरिफ लगाए हैं, इससे मॉस्को को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि रूसी तेल आयात पर टैरिफ लगाने के फैसले से रूस की अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर पड़ रहा है। जानिए ट्रंप ने अपनी टैरिफ नीतियों पर और क्या बातें कहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी आर्थिक नीतियों और टैरिफ वसूले जाने के फैसलों के कारण लगातार सुर्खियों में हैं। उन्होंने दावा किया है कि भारत में रूसी तेल आयात पर टैरिफ लगाए जाने से मॉस्को को तगड़ा झटका लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक टैरिफ के फैसले से रूस की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है।



### शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति से मुलाकात

उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि भारत पर 25% पारस्परिक टैरिफ लगाया गया है। रूस से तेल खरीद पर 25% अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है, जिससे कुल टैरिफ 50% हो गया है। बता दें कि ट्रंप ने कहा है कि 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से वसूला जाएगा। ट्रंप ने कहा, वे शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।

# रडार समस्या के कारण चेन्नई ले जाया गया एअर इंडिया का विमान

नई दिल्ली।

विमानन नियामक डीजीसीए ने सोमवार को कहा कि रविवार को तिरुअनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान को मौसम रडार में संदिग्ध खराबी के कारण चेन्नई ले जाया गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि आशंका है कि मौसम रडार की खराबी के कारण इसे चेन्नई की ओर मोड़ा गया। तिरुअनंतपुरम से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की उड़ान की रविवार देर रात चेन्नई हवाईअड्डे पर आपातकालीन लैंच्डग करानी पड़ी थी। विमान में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत पांच सांसद सवार थे। वेणुगोपाल ने कहा था कि जब एअर इंडिया की उड़ान एआइ2455 ने लैंडिंग का प्रयास किया गया, तो रनवे पर पहले से अन्य विमान था। इस कारण एक बार लैंडिंग रोकनी पड़ी। चक्कर लगाने के बाद दूसरे प्रयास में सफल लैंडिंग हुई। इसके जवाब में एअर इंडिया ने कहा कि उस दौरान रनवे पर कोई विमान नहीं था। तिरुअनंतपुरम-दिल्ली उड़ान के चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया। एहतियाती उपाय के तौर पर उड़ान को चेन्नई डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया था।




## खरगे की मेजबानी में इंडिया ब्लॉक का रात्रिभोज कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विपक्षी राजनीतिक दलों के गठबंधन- इंडिया ब्लॉक के नेताओं के लिए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने रात्रिभोज का आयोजन किया। इस आयोजन में सोनिया गांधी, प्रियंका चतुर्वेदी, जया बच्चन, सुप्रिया सुले, प्रियंका गांधी, मीसा भारती, कनिमोझी, डिंपल यादव समेत कई महिला सांसदों का पहुंचना खासा चर्चित रहा। शरद पवार और अखिलेश यादव ने भी डिनर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संसद के मानसून सत्र में जारी जबरदस्त हंगामे और सत्ताधारी दल-विपक्ष के बीच गतिरोध के बीच दिल्ली में विपक्षी दलों के कई दिग्गज सांसद रात्रिभोज में जमा हुए।

# सिंधु जल संधि को लेकर घुटनों पर आया पाकिस्तान

नई दिल्ली।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर सख्ती दिखाते हुए भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। अब पानी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान भारत के सामने गिड़गिड़ाया। उसने अपील की है कि भारत इस संधि की सामान्य प्रक्रिया को फिर से शुरू करे। पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने से पाकिस्तान अब घुटनों पर आ गया है। अब इस संधि को बहाल करने के लिए वह भारत के सामने गिड़गिड़ाया है। उसने भारत से अपील की है कि वह मई में स्थगित इस संधि को बहाल करने की सामान्य प्रक्रिया फिर शुरू करे। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला किया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। उनको मारने से पहले उनके धर्म की पहचान की गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाएथे। इनमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगन में रखना भी शामिल था। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वह सिंधु जल संधि के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और उसे उम्मीद है कि भारत भी इस संधि की सामान्य प्रक्रिया को तुरंत फिर से शुरू करेगा। पाकिस्तान ने आठ अगस्त को स्थायी मध्यस्थता न्यायालय की ओर से की गई व्याख्या का स्वागत किया है, जो सिंधु जल संधि से संबंधित है। भारत ने पाकिस्तान की आपत्तियों के बाद कभी उस अंतरराष्ट्रीय अदालत की सुनवाई को स्वीकार नहीं किया, जिसमें पाकिस्तान ने भारत की दो जलविद्युत परियोजनाओं के डिजाइन को लेकर शिकायत की थी।



# उत्तराखंड में बारिश का रेड अलर्ट...



देहरादून।

आपदा की दृष्टि से संवेदनशील उत्तराखंड में वर्षा के लिहाज से अगले चार दिन खासे चुनौतीपूर्ण हैं। मौसम विभाग ने इस अवधि के लिए विभिन्न जिलों में वर्षा का रेड व आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए आपदा प्रबंधन तंत्र भी सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में अपर सचिव एवं यूएसडीएमए (उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी) के एसीईओ प्रशासन आनंद स्वरूप ने सोमवार को सभी जिलों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक में स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जिलों के लिए वर्षा का रेड अलर्ट जारी है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए और अगले चार दिन किसी भी चुनौती से निबटने के लिए फील्ड स्तर पर सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। यूएसडीएमए के एसीईओ ने सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, नदियों का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में नदी किनारे रहने वाले लोगों को पूर्व सूचना देने और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने को कहा।

**आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय**

# 3200 करोड़ का बीमा क्लेम पाकर किसानों के खिले चेहरे

जयपुर।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के लगभग 30 लाख किसानों को 3200 करोड़ रुपये की बीमा क्लेम राशि सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की। इस राशि में मध्य प्रदेश के लिए 1,156 करोड़, राजस्थान के लिए 1,021 करोड़, छत्तीसगढ़ के लिए 150 करोड़ और अन्य राज्यों के लिए 773 करोड़ रुपये शामिल हैं। राजस्थान के झुंझुनूं में आयोजित किसान सम्मेलन में चौहान ने रबी सीजन 2024-25 और खरीफ सीजन 2024 की बीमा राशि की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजी। बता दें कि राजस्थान में जुलाई 2025 तक प्रधानमंत्री फसल योजना के तहत 1.48 लाख पात्र पॉलिसीधारक किसानों को 3,912.53 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया जा चुका है। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने की अपील की और कहा कि हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे भारत को बदनाम करने में लगे हैं।



भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने की अपील की और कहा कि हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे भारत को बदनाम करने में लगे हैं।

## संपादक की कलम से

# सेना प्रमुखों के खुलासे

भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान और एक बड़ा विमान मार गिराए थे। उन्हें करीब 300 किमी. की दूरी से निशाना बनाया गया। यह भारत द्वारा सतह से हवा में मार गिराने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। हमारी सेना ने कमोबेश 2 कमांड एवं कंट्रोल केंद्रों और 6 रडार को भी नष्ट किया था। ये मुरीद और चकलाला में स्थित थे। जैकबाबाद एयरबेस पर हमला कर एफ–16 हैंगर और जो विमान अंदर मौजूद थे, उन्हें भी नष्ट किया। रनवे को तोड़ दिया गया। सुक्कूर में यूएवी हैंगर को भी नष्ट किया। भोलारी में एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम को भी तबाह किया। हमारे पास 5 लड़ाकू विमान मार गिराने के पुख्ता सबूत हैं। एयर चीफ मार्शल ने यह भी खुलासा किया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर वायुसेना ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र पर हमला करने का फैसला लिया, लिहाजा हवाई अड्डे और मुख्य भवन पर भी हमला किया गया। इन भवनों में ही योजनाएं बनती हैं और उनका इस्तेमाल कभी–कभी सिविल टर्मिनल भवन के रूप में भी किया जाता था। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह और थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऑपरेशन की सफलता का श्रेय सरकार की स्पष्ट राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। सेना को खुली छूट दी गई कि समय और जगह के मद्देनजर हमला वे ही तय करें। हम तीनों सेना प्रमुखों ने मिल कर रणनीति तय की। यदि कोई सीमाएं थीं, तो वे हमारी खुद की बनाई हुई थीं। वायुसेना प्रमुख के बाद थलसेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने चेतावनी के तौर पर आगाह किया कि अगला युद्ध जल्द ही हो सकता है। हमें तैयार रहना होगा। यह सिर्फ सेना की ही लड़ाई नहीं होगी, बल्कि पूरे देश को मिल कर लडा होगा। जनरल ने यह भी बताया कि इस समय दुनिया में 56 संघर्ष चल रहे हैं, जिनमें 92 देश शामिल हैं। युद्ध सामान्य तौर पर नहीं होगा, बल्कि दुश्मन एक से अधिक होंगे। बहरहाल ऑपरेशन सिंदूर पर तीन लंबे महीनों के बाद ऐसे बयान चौंकाते हैं। संसद सत्र अभी जारी है। इस मुद्दे पर सदन में लंबी बहस हो चुकी है, जिसका आगाज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। उन्होंने 56 मिनट के भाषण में लगभग यही ब्योरे संसद के सामने रखे थे, जो अब वायुसेना चीफ मार्शल ने सार्वजनिक रूप से रखे हैं। सदन में गृहमंत्री अमित शाह ने भी इस मुद्दे पर लंबा वक्तव्य दिया था, हालांकि उनका फोकस आतंकवाद पर था। प्रधानमंत्री मोदी ने 102 मिनट के लंबे भाषण में आतंकियों के अड्डे मिट्टी में मिलाने, 100 से अधिक आतंकियों को ढेर करने, पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह करने और पाकिस्तान द्वारा भारत पर करीब 1000 मिसाइल और ड्रोन के हमले करने की कोशिशें और उन्हें हवा में ही चूर–चूर करने के खुलासे किए थे। तो फिर वायुसेना प्रमुख के इन खुलासों का औचित्य क्या है? हम न तो सेना को अपमानित कर रहे हैं, न सवाल कर रहे हैं और न ही आलोचना कर रहे हैं। सेना देश के लिए सम्मानित और गौरवमय है, लेकिन कुछ जिज्ञासाएं हैं, क्योकि भारत में सेना प्रमुखों के ऐसे खुलासों की परंपरा नहीं है। युद्ध के दौरान भी प्रवक्ता के तौर पर डीजीएमओ ही ब्रीफ करते हैं। युद्धविराम के तीन माह बाद अचानक ही कोई सेना प्रमुख संघर्ष के खुलासे नहीं करता। शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के आदेश के बिना सेना प्रमुख ऐसे खुलासे नहीं कर सकते, हम अनुभव के आधार पर कह रहे हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## आजादी का मतलब

**मोनिका डागा**



**कविता**

अपने संविधान को सम्मान व नमस्कार,
स्वदेश से प्रेम अनुराग अगाढ़ अपार,
सबको समान नागरिकता का अधिकार,
प्रसन्नचित आदर्श देश वासियों का व्यवहार,
सत्य, शांति, अहिंसा, की जय जयकार,
दुश्मनों को करारी भीषण फटकार,
मातृभूमि का मान–सम्मान रहे बरकरार,
सपनों को स्वतंत्रता का देना आकार,
देश की प्रगति में बनना सच्चा भागीदार,
एकता, क्षमा, सात्विकता, संग परोपकार,
देश की सेवा में शत प्रतिशत हिस्सेदार,
शूर वीरों की महिमा गाएं सारा संसार,
गौरवान्वित उन्नत हो हमारी सभ्यता संस्कार,
रूढ़िवादी परम्पराओं का करें बहिष्कार,
ज्ञानार्जन सफल सुरक्षित अविष्कार,
विदेशी बंधनों से मुक्ति वतन से प्यार,
विचारों की स्वतंत्रत अभिव्यक्ति हर बार,
जल थल नभ सेना में अद्भुत शक्ति आधार,
अखंडता की अक्षुण्ण जन शक्ति उपहार,
भाईचारे की प्रबल भावना ही अलंकार,
सभी के लिए शुभकामना सदाबहार,
विश्व बंधुत्व की आनंद डोर कारगार,
जय हिन्द ! जय भारत ! एकल परिवार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 अगस्त 2025 पर विशेष

# युवाः वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल भविष्य के नेता कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं; दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निमार्ताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है। स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है-उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निमार्ता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा विजनरी होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है।



कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं। युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृष्आप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है-आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है। युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए।



ललित गर्ग

सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है। युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए। युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषतः राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक सरवाइविंग द फ्यूचर में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।

उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं।

# अलविदा रजिस्टर्ड डाक - एक युग की खामोश विदाई

एक सितंबर दो हजार पच्चीस को जब भारत डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवतः किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है – उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरूआत की। जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की। रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज पर स्याही से अपने जज्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफाफे में कई अनकही बातें, लंबा इंतजार और अनगिनत भावनाएँ समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज, केवल कागज का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था – कि यह जरूर पहुँचेगा, सही हाथों में, सही समय पर। रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गाँव को शहर से, माँ को बेटे से, प्रेमिका को प्रेमी से, और नागरिक को शासन से जोड़ता था। वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था। उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता नहीं था, वह भटकता नहीं था। उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी, और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष। एक समय था जब डाकिया केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि घर का परिचित चेहरा होता था। उसकी आवाज, उसकी साइकिल की घंटी और उसकी झोली में छिपे लिफाफों का इंतजार हर किसी को रहता था। कोई सरकारी पत्र हो, किसी मामा जी की मनी ऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार – सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुँचता था। और जब पत्र मिलता, तो उसे खोलने से पहले उसे छूकर महसूस किया जाता था – उसके कागज की मोटाई, उसके रंग की गहराई और उस पर लगी स्याही की गंध – सबमें अपनापन होता था। लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन, त्वरित संदेश सेवाएँ, सामाजिक माध्यम, और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है। अब किसी को इंतजार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है। ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी। स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है। इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है। परन्तु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी। वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी – अब इतिहास बन जाएगी। रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है। वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी। जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं। आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है। हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएँ नहीं। हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं। रजिस्टर्ड डाक उस युग की अंतिम निशानी थी, जहाँ संवाद सिर्फ बात नहीं, एक भावना होता था। हमारे पुराने संदूकों में आज भी ऐसी चिट्ठियाँ मिलती हैं – पीले पड़े कागज, स्याही से भरे अक्षर, किनारों पर समय की छाप और भीतर वह सब कुछ जो किसी समय अनमोल था। वे चिट्ठियाँ अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुँचाया। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है – कि उसने शब्दों को अमर बना दिया। इस सेवा के बंद होने से एक भावात्मक सूत्र टूटेगा। यह वह सेवा थी, जिसने दूरी को भी एक बंधन बना दिया था। जिसने माँ के आँचल से बेटे तक, प्रेमिका की आँखों से प्रेमी तक, शिक्षक की सीख से छात्र तक – सबको जोड़ रखा था। अब स्पीड डाक आएगी – तेज, सुविधाजनक, आधुनिक। परंतु उसमें वह ठहराव नहीं होगा, वह धैर्य नहीं होगा, वह प्रतीक्षा नहीं होगी जो रजिस्टर्ड डाक को विशेष बनाती थी। आज हम तकनीकी दृष्टि से जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से खोखले भी हो गए हैं। संवाद तो अब भी होते हैं, पर उनमें आत्मा नहीं होती। रजिस्टर्ड डाक केवल चिट्ठी नहीं थी, वह आत्मा का दस्तावेज थी। अब जब वह विदा ले रही है, तो यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है – यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक पृष्ठ बंद होना है।



प्रियंका सौरभ

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर चलाया गया विशेष अभियान

**वेलकम इंडिया**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विशेष अभियान चलाया गया। राजकीय इंटर कॉलेज सिरौली गौसपुर में एक साथ 960 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई दी गई। कार्यक्रम में सीएचसी चिकित्साधिकारी डॉक्टर देव प्रताप सिंह, डॉक्टर अफजल हाशमी, विनय ऑप्टोमेट्रिस्ट और शैलेश बीसीपीएम मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनंत कुमार यादव की देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवाई वितरित की गई। क्षेत्र के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में भी यह अभियान चलाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र बदोसराय में सीडीपीओ अर्चना वर्मा और भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय ने बच्चों को दवाई वितरित की।



## भाजपा सरकार हर नागरिक के दुख-सुख में शामिल-सतीश शर्मा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सरयू नदी की बाढ़ से जूझ रहे परिवारों के बीच रविवार को खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा खुद पहुंचे। एसडीएम अनुराग सिंह के साथ खजुरी और रानीमऊ बाढ़ चौकियों पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने करीब 150 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर नागरिक के दुख-सुख में शामिल रहकर उनके विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने याद दिलाया कि ह्लपहले के वर्षों में बाढ़ आने पर लोग गांव छोड़कर पलायन को मजबूर हो जाते थे, खाने-पीने की भारी दिक्कत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। हमारी सरकार बाढ़ से पहले ही व्यवस्थाएं खड़ी कर देती है।

## खंण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लाक सभागार में खंण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास मनरेगा कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंम्भूनाथ पाठक ने समस्त ग्राम सचिवों को गांव की साफ सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ए पी ओ मनरेगा रेनू रावत ने मनरेगा योजना के कार्यों इन्टर लाकिंग खडन्जा नाली इत्यादि विकास कार्यों की प्रगति से खंण्ड विकास अधिकारी को अवगत कराया। बैठक में राजेश कुमार रावत, मनोज शुक्ला, सतीश वर्मा, तेजभान वर्मा, रवि रावत, अरविंद कुमार यादव, गजराज, कुलदीप वर्मा, इमरान, सतीश श्रीवास्तव, जे ई एम आई, चेतराम, मनीष शुक्ला, वीरेन्द्र तिवारी, अंजली यादव, आशीष कुमार यादव, सुरेश चंद्र यादव, विवेक कुमार, अखिलेश वर्मा अभिषेक समाज कल्याण ज्योती चौहान आदि मौजूद रहे।

# एसपी व एडीएम ने स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के संबंध में ली बैठक

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 13 से 15 अगस्त के मध्य संचालित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजन को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश को एकरूपता में जोड़े रखने के लिए आयोजित किया जा रहा है। किसी भी दशा में तिरंगे का अपमान न होने पाए, उसकी गरिमा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए और झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए हर घर तिरंगा का आयोजन कराया जाये। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला स्वाधीनता दिवस गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम्परागत रूप से आकर्षक ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में क्रॉस कंट्री रेस के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने गांधी समाधि पर मिष्ठान व पानी आदि की समुचित व्यवस्था करने के लिए ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया इसके अतिरिक्त मेडिकल फैसिलिटी और एंबुलेंस की उपलब्धता के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये। जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों/भवनों में तिरंगा लाइट के माध्यम से सजावट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को शहर के प्रमुख चौराहे, सरकारी भवनों व विद्युत पोलों पर तिरंगा लाइट लगाने के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम, रैली, प्रभात फेरी आदि निकालने के निर्देश दिए।




# स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने पूर्व लोकपाल एव सदस्य सीडब्ल्यूसी न्यायपीठ हरिद्वार सुनीता चौधरी व लोकपाल मनरेगा सहारनपुर राकेश चौधरी को सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर**। लोकपाल मनरेगा सहारनपुर राकेश चौधरी ने योग ऋषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मे मुलाकात की, पतंजलि योगपीठ ने देश और दुनिया मे योग एव आयुर्वेद का परचम लहराया है पतंजलि योगपीठ के विशेष अतिथि गृह मे योग ऋषि स्वामी रामदेव ने रुद्राक्ष की माला एवं शोल उढाकर लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी को सम्मानित किया तथा अतिथि गृह मे सह भोज किया। योग ऋषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने हिमेश्वर चौधरी हितेश्वर चौधरी के जन्मदिन पर रुद्राक्ष की माला पहनाकर अपना आशीर्वाद दिया तथा शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया, इस अवसर पर पूर्व लोकपाल एव सदस्य सीडब्ल्यूसी न्यायपीठ सुनीता चौधरी, जज वीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।



# रक्षाबंधन के त्योहार पर एक परिवार में छाया मातम सड़क दुर्घटना में मां की हो गई मौत पुत्र हो गया घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के किरतपुर ।रक्षाबंधन पर उस समय एक परिवार में मातम छा गया जब राखी बांधकर अपने घर वापस लौट रहे मां की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।ओर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर भेजा जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 8 बजे गुड्डी पत्नी उदल सिंह ( करीब 45 वर्ष ) तकीपुर बेग्ग थाना कोतवाली देहात थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव छितावर से अपने भाइयों के राखी बांधकर अपने पुत्र देवेंद्र उर्फ सोनू उम्र करीब (22 वर्ष) के साथ बाइक द्वारा अपने गांव जा रहे थे ।जो रहागिरो को घायल अवस्था में जफरुल्लापुर भट्टे के पास सड़क किनारे पड़े मिले ।रहागिरो द्वारा उक्त घटना की



सूचना डायल 112 को दी गई डायल 112 पर मौजूद पुलिस ने उक्त घटना की सूचना किरतपुर थाना प्रभारी को दी ।सूचना पर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।तब तक गुड्डी ने दम तोड़ दिया था तथा उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल अवस्था में था ।पुलिस ने देवेंद्र उर्फ सोनू से घटना की जानकारी ली। और घटना की जानकारी मृतका के स्वजनों को दी ।मौत की खबर सुनकर मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया तथा रक्षाबंधन का त्योहार मातम में बदल गया। वही पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा घायल अवस्था में देवेंद्र उर्फ सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# मोरना मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : मोना मंडल के ग्राम पैजनिया में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आहवान पर हर घर तिरंगा अभियान में मोरना मंडल के गांव पैजानियां में क्रांतिकारी स्मारक से लेकर गांव खासपुर तक एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डीसीएफ चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, विशिष्ट अतिथि धामपुर गन्ना समिति के चेयरमैन रामवीर सिंह और भाजपा कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से माहौल राष्ट्रभक्ति में रंग गया। तिरंगा यात्रा मे भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, मंडल महामंत्री नीरज शेखावत, वीर सिंह गुर्जर, विक्रम सैनी, विजय त्यागी, करण यादव, जगपाल चौधरी, निपेंद्र चौधरी, मंडल मंत्री विवेक हल्दुआ, सोनू चौधरी, पंकज दिवाकर, केशव कश्यप, बूथ अध्यक्ष अनिल सैनी, विमल शर्मा, अमित त्यागी, सेक्टर संयोजक आलोक त्यागी,इंतजार अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आपदा की इस घड़ी में जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर**। युवा राणा प्रियंका सिंह ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पुराना धामपुर पहुंचे जहां उन्होंने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का जायजा लिया। बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री किट प्रदान करते समय विधायक पुत्र राणा प्रियंका सिंह भावुक दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह क्षेत्र की जनता के साथ हैं। मन बहुत व्यथित हैं उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन किया और जनता से हर संभव मदद दिलाए जाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि लगातार जिन गांव में भारी जल भराव की सूचना प्राप्त हो रही है वहां हरसंभव मदद की जा रही है। शासन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है ।सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नदियों से प्रभावित गांव की अपडेट्स ले रहे है। आपदा की इस घड़ी में वह जनता के साथ खड़े हैं और यथासंभव मदद करने के लिए तैयार है। वही क्षेत्रवासियों ने विधायक अशोक कुमार राणा एवं उनके सुपुत्र राणा प्रियंका सिंह की प्रशंसा की।

# नूरपुर में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : नूरपुर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के महिला व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन एकेडमी से शुरू होकर शिव मंदिर चौक, रोडवेज बस स्टेशन होते हुए शहीद तिराहे पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का नगर के कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से माहौल राष्ट्रभक्ति में रंग गया। तिरंगा यात्रा मे जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, समाजसेवी राशु चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गन्ना समिति चेयरमैन अमित चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगनू चौधरी, जिला सहकारी बैंक उपसभापति हेमराज सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख देशबंधु सिंह, प्रणय मनु गुप्ता, जिला महामंत्री नरेश भाटी, हितेंद्र चौहान, विवेक चौधरी, प्रेमपाल सिंह, ईसमपाल सिंह, नूरपुर मंडल मंत्री राहुल यादव, विनोद कुमार, अशोक चौधरी, सरदार हरभजन सिंह, गुरनाम सिंह, दीपक सक्सेना, बिजेंद्र सिंह, प्रदीप राणा, अनिकेत सिंह, डॉ शीला राणा, कमलेश प्रजापति, अलीशा हुसैन सिद्दीकी, सरौता सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीएमओ ने छात्राओं को खिलायी एल्बेंडाजोल की दवा

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर**। रामपुर शहर स्थित सेंट मेरी सीनियर सेकन्डरी विद्यालय में प्रारम्भ होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश द्वारा छात्राओं को एल्बेनडाजोल टेबलेट खिलाकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक के समय से बच्चों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए स्वच्छता के प्रति अपने आसपास सभी को जागरूक करने का प्रण लिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अन्तर्गत समस्त स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा मदरसों में 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के लगभग 14 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलायी जानी है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 11 अगस्त, 2025 को अल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से वंचित रह गए हैं उन्हें 14 अगस्त, 2025 को मॉक अप में एल्बेंडाजोल



टेबलेट खिलाई जाएगी। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ० संतोष, नोडल अधिकारी एन.डी.डी., डॉ० आर. के. वर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ साथ स्काउट गाइड प्रशिक्षण और स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर जेसी के साथ स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# फ्लाई ओवर ब्रिज में जीने का मामला..राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लोनिवि के प्रमुख सचिव से स्पष्टीकरण मांगा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर**। नजीबाबाद फ्लाईओवर ब्रिज में जीना ना बनाए जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि पूर्व में उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा नजीबाबाद के जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 और गढ़मलपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से कराया गया था परंतु विभाग के पास धनराशि होने के बाद भी जीना नहीं बनाया गया है जिस कारण कई लोगों की मृत्यु लाइन क्रॉस में हो चुकी है इस संबंध में खुद रेलवे विभाग ने भी जानकारी दी है उधर शिकायत को राष्ट्रीय




मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है इस संबंध में आयोग ने उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान से 4 सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

# थाना टांडा पुलिस द्वारा मुठभेड में एक घायल तीन गौकश अभियुक्तो को गिरफ्तार किया

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर**। टाडा पुलिस द्वारा मुठभेड में 01 (घायल) सहित 03 गौकश अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार, गौकशी करने के उपकरण तथा एक अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर मय नाल में फंसा हुआ 01 खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर मय नाल में फंसा हुआ 01 खोखा कारतूस 12 बोर, एक अदद निशान कम्पनी की टैरानों कार बिना नम्बर प्लेट आदि बरामद पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा



रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना टांडा पुलिस द्वारा रात्रि में 03 शातिर गौकशों को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार गौकश छुट्टा गौवंशीय पशुओं को मौका देखकर काट लेते थे घटना का संक्षिप्त विवरण रात्रि में मुखबिर की सूचना पर गश्त करते हुए थाना टांडा पुलिस दढियाल से होते हुए दढियाल टाण्डा रोड पर ग्राम सिकमपुर मिलक के जंगल के पास पहुँची तो सामने से एक कार लाईट जलाए हुए आती दिखाई दी उक्त कार के नजदीक आने पर रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाश पुलिस वालो को देखकर अपनी कार के तेज ब्रेक लगाकर बाँयी तरफ को मुडकर भागने लगे और गाडी सामने जंगल मे एक टयूवैल के कोठरे से टकरा गई ।अभियुक्त कार से निकल कर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्यवाही में एक व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया ।

# शांति समिति की बैठक नूरपुर थाना प्रांगण में आयोजित हुई

**नितिन शर्मा : वेलकम इंडिया**

**नूरपुर** : थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया एवं संचालन सरदार हरभजन सिंह ने किया। थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम नितिन तेवतिया ने गत वर्ष की भांति शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से निकलने की अपील की। उन्होंने कहा कि नूरपुर में यह परंपरा बनी रहनी चाहिये। उन्होंने रामडोल समिति अध्यक्ष राधेश्याम वाल्मीकि से सभी झांकियों के नम्बरिंग के साथ साथ वालंटियर्स के नामो की सूची उपलब्ध कराने को कहा। सीओ देश



दीपक सिंह ने नूरपुर को शांतिप्रिय कस्बा बताते हुए नूरपुर व ताजपुर वासियो से रामडोल शोभा यात्रा को पुरानी परम्पराओ के अनुरूप शोभायात्रा निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नगर व क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की है उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। रामडोल समिति के पदाधिकारियो ने कहा कि सभी झांकियों पर नम्बरिंग होगा तथा साथ चलने वाले वालियंटर्स के गले मे परिचयपत्र भी होगा वालियंटर्स की सूचना थाने में दे दी जाएगी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, अनिल कमल, राहुल यादव, चौधरी इसमपाल सिंह, राधेश्याम वाल्मीकि, नवीन कुमार, नीरज गौड, लोकेश कुमार, हिमांशु चौधरी, धर्म अवतार वर्मा, प्रेमपाल रवि, प्रदीप राणा, सरदार गुरनाम सिंह लेखपाल अमित कुमार, सौरभ जुनेजा, लोकेंद्र भुइयार, ओमकार वाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू महात्मा टीकैत की नहटौर ब्लॉक में मासिक मीटिंग आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नहटौर -जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन तहसील अध्यक्ष विनीत चौधरी के द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को दिया गया । साथ में उपस्थित रहे युवा जिला अध्यक्ष नीरज चाहल ने वार्ता करते हुए बी डी ओ साहब को अवगत कराया की ब्लॉक की ज्यादातर ग्राम पंचायत में बेसिक समस्याओं पर भी ग्राम प्रधानों के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है खंबो पर लाइट नहीं है, बहुत सारे नलों के हलक सूखे पड़े हैं तथा सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्थाएं फिर थवस्त पड़ी हुई है ,और बहुत सी छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर ज्ञापन में इंगित किया गया जिस पर खंड विकास अधिकारी महोदय ने एक महीने के अंदर-अंदर सभी समस्याओं के निराकरण की सहमति जताई संगठन के लोगों ने वीडियो साहब को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक माह के अंदर इन समस्याओं पर संतोषजनक कार्य नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आपके खिलाफ धरना लगाने को विवश होगी तथा आपके क्रिया कलापों से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा ,मीटिंग में ब्लॉक अध्यक्ष नेहटौर चौधरी नौबहार सिंह जी को पदभार सोपा गया तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवम कुमार निवासी मूसेपुर को मनोनीत किया, गया मीडिया प्रभारी ब्लॉक नेहटौर मसरूर अहमद को बनाया गया सभा में उपस्थित , बालकरण सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह शहजाद मलिक कपिल चौधरी आशुतोष सुरेंद्र चौधरी शहजाद गढ़ीकपुरा ब्लॉक अध्यक्ष युवा मोनू मलिक, पुष्पेंद्र चौधरी ,सूरज ,कृष्णा, राजकुमार कपिल देव , रोहित सोनू आदि लोग रहे।

# प्रगति पब्लिक स्कूल के छात्रों का हुआ प्रदेश लेवल पर चयन



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के प्रगति सेकेंडरी सीनियर पब्लिक स्कूल के दर्जनों छात्रों का बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश लेवल पर चयन हुआ इस दौरान विद्यालय स्टाफ ने रवाना होने से पूर्व विद्यालय प्रांगण में छात्रों का स्वागत समारोह का आयोजन किया इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। सोमवार को नगर के कैराना मार्ग स्थित प्रगति सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बास्केटबॉल में प्रदेश लेवल पर छात्रों का चयन होने पर स्वागत समारोह हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक जावेद जंग ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है हम सबको मिलकर कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। सभी को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति भी जागरूक करना चाहिए।इस दौरान छात्रों का हेड कोच लोकेंद्र सिंह, सनाव्वर जंग, खालिद जंग सहित आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वच्छ भारत मिशन को लगा पलीता,मंडी में लगे गंदगी का ढेर

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर की नवीन सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है सफाई व्यवस्था नहीं होने से गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। गंदगी कैमरा लगने से स्वच्छ भारत मिशन अभियान को भी पलीता लग रहा है। कस्बे की नवीन सब्जी मंडी से रोजाना लाखों का कारोबार होता है इसके बावजूद भी सफाई व्यवस्था बुरी तरह से ध्वस्त है। कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में रोजाना लाखों का कारोबार होता है और नवीन सब्जी मंडी में व्यापारी अपना रोजगार कर रहे हैं। नवीन सब्जी मंडी से रोजाना कई तरह की सब्जी एवं फलों का कारोबार होता है। नवीन सब्जी मंडी में साफ-सफाई होनी चाहिए मगर नवीन सब्जी मंडी में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। व्यापारी गंदगी के ढेर के बीच फलों एवं सब्जी का वितरण कर रहे हैं। रोजाना लाखों का कारोबार होने पर राजस्व विभाग को भी रोजाना हजारों रुपए का टैक्स पहुंचता है। व्यापारियों की लापरवाही एवं मंडी अधिकारियों की उदासीनता के चलते चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

मंडी में व्यापार करने वाले किसान एवं खरीददारी करने वाले ग्राहकों को भी गंदगी के बीच अपना व्यापार करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी में लगे गंदगी के अंबर की वीडियो वह फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं।

# ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में किसानों से शामिल होने की अपील



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर 13 अगस्त को ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए भाकियू के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, इंतिजार अली, वारिस चौधरी, मोहम्मद जावेद, मसरूफ अली, नजाकत अली, हाशिम अली, हाजी बाबू, डॉक्टर असगर अली, डॉक्टर फारूक, फरजंद अली और बुनियाद अली सहित अन्य पदाधिकारियों ने कलैया नगला, खुशहालपुर, मुतियापूरा, सहरिया नरपत, सहरिया दराज और धीरजनगर जैसे गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में ट्रैक्टरों के साथ यात्रा में शामिल होने और इसे सफल बनाने की अपील की।

# कबाड़ी की दुकान पर चोरी के वाहन काटने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक युवक ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर कबाड्डी की दुकान कर उस पर चोरी के वाहन काटने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक शामली को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी आसीफ पुत्र इरफान ने पुलिस अधीक्षक शामली को शिकाया दी पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोस के एक व्यक्ति ने उनके मोहल्ले में कबाड्डी की दुकान कर रखी है। आरोप है कि उक्त दुकानदार जनपद सहित क्षेत्र से हो रहे चोरी के वाहनों को काटते हैं और मोहल्ले में शोर शराबा रखते हैं जिस कारण उनके बच्चों को स्कूल का होमवर्क करने में परेशानी होती है।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब पीड़ित सहित कोई भी मोहल्ले का व्यक्ति उक्त लोगों के द्वारा किए गए शोर शराबे का विरोध करते हैं तो आरोपी धमकी देते हैं कि उन्हें उच्च अधिकारियों से सांठगांठ कर रखी है उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। और उल्टा मोहल्ले के लोगों को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी देता है। पीड़ित ने आरोपी दुकानदार व उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# प्रख्यात सन्त उड़िया बाबा महाराज का सप्तदिवसीय सार्धशताब्द (150 वां) प्राकट्योत्सव 12 से 18 अगस्त तक

**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**




**वृन्दावन।** दावानल कुंड क्षेत्र स्थित श्रीकृष्णाश्रम (उड़िया बाबा आश्रम) में ब्रज के प्रख्यात संत स्वामी पूणार्नंद तीर्थ (उड़िया बाबा) महाराज का सप्तदिवसीय सार्धशताब्द (150 वां) प्राकट्योत्सव 12 से 18 अगस्त 2025 पर्यन्त विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक व उड़िया बाबा आश्रम के संचालक पंडित कुलदीप जी महाराज ने बताया कि महोत्सव का शुभारभ 12 अगस्त संतों व भक्तों के द्वारा ब्रह्मलीन स्वामी पूणार्नंद तीर्थ (उड़िया बाबा) महाराज के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया जाएगा।तत्पश्चात प्रख्यात रासाचार्य स्वामी ताराचंद ठाकुरजी के कुशल निर्देशन में नित्य प्रातः 09 से 12 बजे तक गौरांग लीला तथा सायं 06 से रात्रि 09 बजे तक रामलीला का अत्यन्त नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया जाएगा।इसके अलावा नित्य अपराह्न 03 बजे से संतों, महंतों व धमार्चार्यो के द्वारा उड़िया बाबा महाराज के जीवन चरित्र पर प्रवचन होंगे। विष्णुकांत शर्मा (आगरा) व राम स्वरूप जोशी (मुंबई) ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत भाद्र कृष्ण सप्तमी (16 अगस्त) को पूज्य महाराजश्री के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 07 से 09 बजे तक बधाई गायन होगा।इसके अलावा रात्रि 12 बजे से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।इसके अलावा 17 अगस्त को प्रातः 07 से 09 बजे तक नंदोत्सव आयोजित होगा।

# हादसे में मारे गए व्यक्ति की मौत के मामले में अभियोग दर्ज की मांग



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर डेढ़ महा पूर्व सड़क हादसे के दौरान हुए एक व्यक्ति की मौत के मामले में परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर अभियोग दर्ज कराने की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शामली की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन निवासी बिजेंद्र पुत्र पालेराम ने बताया कि विगत 28 जून को पीड़ित का 35 वर्षीय भाई प्रवीन गांव के ही अपने साथी रवि पुत्र धर्मपाल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरियाणा के सिंधु बॉर्डर से अपने गांव में आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसके भाई प्रवीन की मौत हो गई थी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की थी। पीड़ित ने लगभग डेढ़ महा पूर्व थाने पहुंचकर तहरीर देकर अभियोग दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# एडीएम ने घाघरा/सरयू नदी के बाएं तट पर स्थित मदरहा-बेहराडाड़ी तटबंध (एमबीडी) का किया स्थलीय निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश द्वारा बाढ़ के पूर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जनपद में संभावित बाढ़ प्रभावित एरिया सर्किल धनघटा के अंतर्गत ग्राम तुरकौलिया नायक स्थित एमबीडी बांध का अधिशाषी अभियंता ड्रेनेज के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्रेनेज खंड के आधिकारी द्वारा बताया गया की एमबीडी बँधा 21.400 मीटर का है जो अपने जनपद में गोरखपुर व बस्ती की सीमा से जुड़ा है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत बंन्धे का नियमित निरीक्षण किया जाता रहे तथा किसी भी कटान अथवा अन्य संभावित आपदा की दशा में तत्काल एक्शन लेते हुए ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत बाढ़ राहत केंद्रों एवं राहत सामग्रियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ0 सुनील कुमार, तहसीलदार धनघटा राम जी, अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खंड-2 सहित राजस्व, सिंचाई विभाग से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# औद्योगिक इकाइयों पर छापामार कार्यवाही की गयी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी, बिजनौर के निदेशी के क्रम में व्यापक निरीक्षण छापामार कार्यवाही जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त, जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बिजनौर एवं उप कृषि निदेशक, बिजनौर एवं सहायक आयुक्त, जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बिजनौर एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक-ग्रुप-ए0, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, एवं सहायक निदेशक, जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बिजनौर की संयुक्त टीमो द्वारा चिन्हित औद्योगिक इकाइयों में की गयी। गठित संयुक्त टीम द्वारा जनपद की कुल 09 औद्योगिक इकाइयों यथा मै0 जगदम्बा वुड इण्डस्ट्रीज, अम्हेडा रोड, चान्दपुर, मै0 अम्बिका बोर्ड इण्डस्ट्रीज, जालबपुर गुडड, नजीबाबाद, मै0 शिवा औद्योगिक संस्थान, घोसीपुरा, नजीबाबाद, मै0 सेठी बोर्ड इण्डस्ट्रीज, बुन्दकी रोड, नजीबाबाद, मै0 ताज बोर्ड इण्डस्ट्रीज, कोतवाली रोड, नजीबाबाद, मै0 हरिहर पलाईवुड, नजीबाबाद, मै0 नाज प्लाईवुड, जलालाबाद, नजीबाबाद, मै0 मंगला प्लाईवुड, नगीना रोड, बिजनौर, मै0 सुपर बोर्ड इण्डस्ट्रीज, दारानगर, बिजनौर एवं सी0एन0एस0 मोर्टस, नजीबाबद रोड, बिजनौर पर छापामार कार्यवाही की गयी तथा कार्यवाही के दौरान 04 औद्योगिक इकाइयों बन्द पायी गयी तथा अन्य 03 प्लाईवुड इकाइयों में टेक्निकल ग्रेड यूरिया एवं 03 औद्योगिक इकाइयों मेलतिन/कैमिकल्स से बनाकर का प्रयोग होता हुआ पाया गया एवं अन्य 01 निरीक्षित यूरिया उपभोगकर्ता फर्म के डीजल निकास द्रव की बाल्टी पायी गयी।

# एसएसपी द्वारा शाखा प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत अपराध गोष्ठी आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तेजवीर सिंह, व सहायक पुलिस अधीक्षक ऋजुल कुमार एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों/शाखा प्रभारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध-नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न, अनावरण को शेष डकैती/लूट/हत्या के पंजीकृत अभियोगों एवं वांछितों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। अपराध गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों को उच्चाधिकारियों के आदेशों/निदेर्शों से अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत अनुपालन कराने, अपराधों पर प्रभावी अकुंश लगाने व जनता की समस्याओं का समयबद्ध विधिक निस्तारण करने, हिस्ट्रीशीटरों व टॉप-10/जिलाबदर अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखने एवं वांछित/ईनामी वारंटियो की अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने तथा जनता से अच्छा व्यवहार कर जनपद में पुलिस की छवि एवं व्यवहार कुशल बनाए रखने,समस्त थानों पर साइबर सेल को सुदृढ़ करते हुए साइबर सेल में दक्ष एवं भिज्ञ कर्मी ही नियुक्त करने,14उ,टल्अ द्वारा साइबर प्रशिक्षण के पोर्टल उ८ळ१ल्ल पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पुलिस कार्मिकों को एनरोल करवा कर प्रशिक्षण की शुरूआत करने हेतु आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत कार्यवाही करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गये। साथ ही आईजीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा थाना कार्यालय एवं पेशी कार्यालय के अभिलेखों की स्थिति अद्यतन रखने, महिला अपराध संबंधी अभियोजन प्रक्रिया में व्यक्तिगत रुचि लेकर दोषियों को सजा दिलवाए जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री की रोकथाम के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

# ततैया टीम के सभी सदस्यों को एकत्रित कर तिरंगा यात्रा निकाली गई

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा धौलपुर।** अधिशाषी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सोमवार को ततैया टीम के सभी सदस्यों को एकत्रित कर तिरंगा यात्रा निकाली गई और साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधित सावधानियों और जानकारियों के लिए कर्मचारी नारे लिखे तख्ती लेकर चल रहे थे,टीम ने मुख्य बाजार में गर्म जोशी से भारत माता के जयकारों से और देश भक्ति पूर्ण नारों से माहौल को एक दम देश भक्ति से ओत प्रोत कर दिया,लोगों ने जेवीवीएनएल की इस पहल का जबदस्त सुहागत किया,जगह जगह कस्बावासियों ने तिरंगा और विद्युत जागरूकता यात्रा का फूल वर्षा कर अगुवानी की,लोगों को विद्युत चोरी न करने की नशीयत दी ।सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने लोगों से अपील की वो सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में सोलर प्लांट लगवा कर योजना का फायदा लेवे और अपने बिजली बिल में 300 यूनिट्स की छूट पाए योजना में 78 हजार रुपए की छूट भी दी जा रही है,इसके साथ ही लोगों से कहा कि जिन लोगों ने अभी तक कनेक्शन नहीं लिया है वो चोरी छोड़ कर कनेक्शन ले कर ईमानदारी से बिजली का उपभोग करें,अभी बरसात का मौसम चल रहा है विद्युत तंत्र से बिलकुल छेड़छाड़ न करें उचित दूरी बना कर रखें,लोगों से अपील की वो बकाया बिल जमा कर और समय से बिल जमा कर एक तरह से देश की सेवा करते हैं इसलिए बिल भरने की अच्छी आदत डाल कर हम अपने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हैं ।कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा ने कहा कि विद्युत चोर बिलकुल चोरी छोड़ दें ततैया तंत्र सक्रिय रूप से वॉचिंग कर रहा है एक भी विद्युत चोर बचेगा नहीं ।यात्रा बिजली घर परिसर से शुरू होकर पुलिस थाना,मुख्य बाजार होते हुए रामखिलाड़ी चौराहा होते हुए पुलिस चौकी से निकलते हुए ऑक्स फोर्ड स्कूल से क्षेनकुरिया , रोहाई से निकलते हुए वापिस बिजली घर पहुंची यात्रा में कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल,कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह के साथ रामनरेश शर्मा ,अम्बरीष,अकील,इरफान,सोनेश,आसिफ ,पंकज, शमशेर,अवधेश शर्मा, वीरेंद्र, राजवीर, सोनपाल, जगदीश,रमेश,सालू इत्यादि कर्मचारी शामिल थे।

# नगर पालिका बाड़ी द्वारा हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत निकाली गई बाइक रैली

वेलकम इंडिया




**बाड़ी धौलपुर ।** जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशन में अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के देखरेख में नगर पालिका बाड़ी द्वारा ₹हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता₹ अभियान के अंतर्गत आज नगर में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता एवं देशभक्ति की भावना को जागृत करना था। रैली को नगर पालिका बाड़ी कनिष्ठ अभियंता अमित गोयल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली में भाग लेने वाले युवाओं एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लिए हुए ह्लस्वच्छ भारत - सुंदर भारतह्व के नारे लगाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका बाड़ी का यह प्रयास जन-जन में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा ।इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार गोयल, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी,सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, कार्यक्रम प्रभारी तपेश बिधूडी, सहप्रभारी जोगेन्दर मीणा, शिवशंकर पचौरी,सुमित तिवारी, अंकित कुमार,मनु बिधूडी, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, धर्मेन्द्र शिवहरे,कल्याण सिंह,सतीश अंधाना ,पवन मीणा,तनुज गहलोत,सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बाइक रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जन-जागरूकता का संदेश दिया।

# पूर्व प्रधानपति कि ग्राम प्रधान के परिवारव मित्रो पर अनुचित टिप्पणी वाली फेसबुक वीडियो से तनाव

विजय द्विवेदी वेलकम



**प्रतापगढ़ ।** लालगन्ज थानान्तर्गत पूरे बीरबल ग्राम प्रधान के परिवार व कुछ समर्थको के बारे मे अनुचित टिप्पणी करते हुए पूर्व ग्राम प्रधानपति की एक वीडियो सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल होने से ग्राम प्रधान और उनके समर्थको के द्वारा देखे जाने पर भारी नाराजगी पैदा हो गयी । जिसकी लिखित तहरीर ग्राम प्रधान व उनके एक समर्थक के द्वारा स्थानीय थाना लालगन्ज मे देकर कार्यवाही की माग की गयी है । जनपद की रामपुर सग्रामगढ ब्लाक के पूरे बीरबल ग्राम सभा की पूर्व मे ग्राम प्रधान अनुराधा पाण्डेय थी । जिन्हे पिछले चुनाव मे शान्ति भूषण मिश्रा ने पराजित कर ग्राम प्रधान पद पर कब्जा कर लिया । लेकिन अपनी पराजय पर आश्चर्चकित पूर्व प्रधानपति ने जनता से कहा कि अब वो विपक्ष की भूमिका निभाएगे और ग्राम प्रधान के द्वारा कराए जाने वाले हरेक काम पर नजर रखेग? । पूर्व प्रधानपति ने ?सा किया भी । शुरूआत से ही ग्राम प्रधान के काम पर कमिया निकालते भ्रष्टाचार के आरोप लगा लगातर सैकडो प्रार्थना पत्र सक्षम अधिकारी और जनसुनवाई पोर्टल पर दी जो ग्राम सभा के विकास कार्य ही नही बल्कि गौशाला से सम्बन्धित थी । लेकिन राजनीतिक बैर का यह मामला धीरे धीरे व्यक्तिगत अदावट का रुप लेता चला गया । जिसे खत्म कराने ग्राम प्रधान के प्रयास मे पूर्व प्रधानपति के पिता ने भी योगदान दिया । लेकिन कोई शान्ति पुर्ण समाधान के बजाय ये एक व्यक्तिगत विवाद बन गया जो अब बेहद गम्भीर हो गया है। पूर्व प्रधानपति प्रमोद पाण्डेय ग्राम प्रधान के स्वर्गीय पिता पर बेहद अनुचित टिप्पणी के साथ ही ग्राम प्रधान कि मा पत्नी भाई सहित उनके कुछ करीबियो का भी जिक्र कर दिया । जिसके वीडियो फेसबुक पर वायरल होने पर देखा गया तो समर्थको मे बेहद नाराजगी हो गयी । जिन्हे ग्राम प्रधान रज्जन मिश्रा ने यह कहते हुए शान्त कराया कि हम पुलिस शिकायत दर्ज करा कानूनी कार्यवाही की माग करेगे ।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण का वचन पूरा नहीं किया गया आगामी चुनाव में परिणाम भुगतना पड़ेगा

वेलकम इंडिया



**झांसी ।** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से भेंट किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण का संघर्ष बहुत लम्बे समय से किया जा रहा है। सन 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह एवं सुश्री उमाभारती ने भगवान राम व अम्बेडकर को साक्षी मानकर हम बुन्देलियो को बचन दिया था कि तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बना दिया जायेगा। तीन साल के वचन की जगह ग्यारह साल तीन माह गुजर चुके हैं परन्तु अभी तक कायार्वाही भी प्रारंभ नहीं किए जाने से बुन्देलखण्ड की जनता मैं काफी रोष उत्पन्न हो गया है जो गंभीर रूप लेता जा रहा है। एक तरफ कहा जाता है कि सरकार छोटे राज्यों की पक्षधर है परंतु सत्तादल के सांसद, विधायक एवं पदाधिकारी राज्य निर्माण के प्रति आबाज उठाने में जुरेज रहे हैं। जिससे जनता मैं इनके खिलाफ भी राज्य निर्माण विरोधी होने का माहौल बनता जा रहा है जो कि सरकार के लिए घातक होगा। अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार बुन्देलखण्ड राज्य बनाए जाने की कार्रवाई प्रारंभ करें व सत्तादल के नेताओ से बुन्देलखण्ड राज्य के पक्ष मैं कार्य करने का निर्देश दिया जाये। यदि सत्तादल के सांसद, विधायक, एवं पदाधिकारी बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के समर्थन में कार्य करना प्रारंभ नहीं करेंगे तो बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा जनता के साथ इनका विरोध करने के लिए बाध्य हो जायेगा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तर प्रदेश से झाँसी, बांदा, जालौन, महोबा, ललितपुर, हमीरपुर, एवं चित्रकूटधाम एवं मध्य प्रदेश से सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, दमोह, निबाडी एवं पन्ना जिलों के तथा तहसील लहार, पिछोर, करैरा, चंदेरी, गंजबासौदा, कटनी एवं चित्रकूट को सम्मिलित कर अखण्ड बुन्देलखण्ड राज्य का निर्माण शीघ्र करके अपना वचन पूरा करे अन्यथा विरोध झेलने को तैयार हो जाएं। ज्ञापन भेंट करने वाले में रघुराज शर्मा , उत्कर्ष साहू , कुंवर बहादुर आदिम, गिरजा शंकर राय प्रदीप नाथ झा, हनीफ खान, ब्रजेश राय, रसीद कुरैशी , विकास पुरी , गोलू ठाकुर , अरुण रायकवार , प्रेम सपेरे , कलाम कुरैशी , कुलवंत सिंह खालसा , अनिल कश्यप, राजेश लोहिया, चौधरी राहत कुरैशी , शाहजहाँ बेगम , चौधरी महमूद कुरैशी ,बॉबी, चन्द्रकुमार, प्रभुदयाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# अपराधी सुधर जाएं, या थाना क्षेत्र छोड़कर चले जाएं वरना खैर नहीं: नवांगत थानाध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर /सलैमपुर थानाध्यक्ष** रविंद्र कुमार, ने कड़े तेवरों के साथ सोमवार को संभाला अपना पदभार ।सलैमपुर नवांगत थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, ने साफ कर दिया है कि जो भी अपराधी किस्म के लोग हैं वे या तो सुधर जाएं या फिर सलेमपुर थाना क्षेत्र के बाहर कोई स्थान तलाश ले वरना उनकी खैर नहीं है। ऐसे विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा जबसे उन्होंने थाने का चार्ज ग्रहण किया है तब से अपराधियों में खलबली मची हुई है। अपराधियों में डर साफ दिखाई देने लगा है ।थाने में कोई भी व्यक्ति आता है तो उसके साथ सही न्याय किया जाएगा और अगर कोई गलत आता है तो उसके साथ पुलिस अपनी भाषा में समझाने का कार्य करेगी किसी के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार नहीं किया जाएगा सही और पीड़ित के लिए थाने में 24 घंटे सुनाई होगी उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान कृपया कर मेरे क्षेत्र में कोई भी गलत काम ना करें अगर कोई गलत काम करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी सलैमपुर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा है कि सलैमपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा और गैर कानूनी कार्य नहीं होगा बर्दाश्त।

# अवैध मांस तस्करी का सरगना, जिला बदर अपराधी तमंचे संग और अस्पताल में हंगामा करने वाले चार दबोचे

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस ने सोमवार को तीन बड़ी कार्रवाइयाँ करते हुए अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए। पुलिस ने अवैध मांस तस्करी के सरगना को गिरफ्तार किया, जिला बदर अपराधी को तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा और जिला चिकित्सालय में हंगामा करने वाले चार लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला सैय्यदवाड़ा निवासी नफीस पुत्र रशीद को गिरफ्तार किया गया। नफीस पर गौवध निवारण अधिनियम, बीएनएस, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित छह मुकदमे दर्ज हैं। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने ग्राम मूसेपुर खुर्द निवासी इरफान उर्फ दरोगा पुत्र इलियास को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक अदद तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इरफान पर चोरी, लूट, जुआ अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित 14 मुकदमे दर्ज हैं। तीसरी कार्रवाई जिला चिकित्सालय में हुई। यहां चार लोग आधी रात नशे में धुत होकर हंगामा कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में न केवल अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पूरे क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखी जा रही है। इन कार्रवाइयों में शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्री पटेल राठी, उपनिरीक्षक प्रियंका गौतम, कांस्टेबल लोकेश, अंगद यादव और शिखर पांडेय शामिल रहे।

# शिक्षिका ने अपनी सैलरी से सरकारी स्कूल में लगवाई एलईडी, मयूरी, कैमरे,वाटर कूलर,बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के सिम्भावली कहते हैं कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है, हापुड़ जिलें के सिम्भावली ब्लाक के कंपोजिट विघालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने बच्चों की सुविधा के लिए अपनी सैलरी से मयूरी, एलईडी, वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरे लगाकर स्कूल आने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। हापुड़ के सिम्भावली ब्लाक के गांव न्याजपुर खैय्या स्थित कम्पोजिट विघालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका चारू शर्मा ने शिक्षक व प्रशासनिक कार्यों के साथ साथ बच्चों को स्कूल आने के लिए विभिन्न प्रकार से प्रोत्साहित कर रही है। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका चारू शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने स्कूल का चार्ज लिया,तो स्थिति थोड़ी खराब थी और दूर दराज का इलाका होने के कारण बच्चों को स्कूल आने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने अपनी सैलरी से एक मयूरी खरीदकर बच्चों को रोजाना घर से लाने के लिए लगाई है, जिससे बच्चों को आने जाने में असुविधा ना हो। उन्होंने बताया कि बच्चों को डिजीटल शिक्षा के उद्देश्य से अपनी सैलरी से ही एवंईडी, पानी की टंकी व सीसीटीवी कैमरे,वाटर कूलर व अन्य सामान खरीदकर स्कूल में लगवाया, ताकि बच्चों को पढ़ाई में सुविधा हो सकें। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास है कि उनका विघालय में शिक्षा का स्तर उच्च कोटि का हो और यहां से पढ़कर बच्चे अच्छा मुकाम हासिल करें।

# ब्लॉक प्रमुख पदों पर हुए नामांकन



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** जिले के तीनों ब्लाकों में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ और कनिष्ठ प्रमुख पदों के लिए भाजपा कांग्रेस दोनों प्रमुख दल इन पदों पर अपनी अपनी जीत को लेकर सदस्यों को अपने पक्ष में करने के लिए जी तोड़ मेहनत में जुट गए हैं ।जहां जिले में भाजपा अपने मजबूत सँगठन की बदौलत तीनों ब्लाकों में अपनी प्रचंड जीत को लेकर आश्वस्त है ।वही विपक्षी दल कांग्रेस भी अब भाजपा में भीतरघात और व्यक्तिवादिता और अंतर्कलह के चलते कुछ सदस्यों द्वारा कांग्रेस समर्थित ब्लॉक प्रमुख उमीदवारों के पक्ष में मतदान करने की उम्मीद जता रहे हैं ।वही अब कुर्सी की दौड़ में भाजपा-कांग्रेस अपनी जीत का दावा करते हुए जिले की तीनों विकासखंडों में अपना परचम लहराने का दावा कर रहे हैं ।जहां भाजपा के पास अधिकतम संख्या बल नजर आ रहा है वही कांग्रेस गुटबाजी के आधार पर अंतर्कलह और सदस्यों में नाराजगी को आधार मानते हुए कांग्रेस अपनी जीत के दावे कर रही है, बात करें बागेश्वर ब्लॉक की तो यहां भाजपा मजबूत स्थिति में है, वही जनाधार भी बीजेपी के पक्ष में होने की आशंका है पर अंतर्कलह, भीतरघात के आधार पर नाराज सदस्यों द्वारा कांग्रेस के पक्ष में मतदान होने की भी संभावना कांग्रेसी नेता अनुमान लगा रहे हैं ।वही कपकोट ब्लॉक में भाजपा में भी भीतरघात होने की संभावना है, जहां भाजपा के भीष्म पितामह समझे जाने वाले ईमानदार निष्ठावान, और भाजपा सँगठन को मजबूती प्रदान करने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने जिपं और तीनों ब्लाकों के चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए चुनावी विषाद बिछा दी है ।पर कपकोट विकासखण्ड में भाजपा से भावना साही जो कि पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही की बहू है उन्हें अपना प्रमुख पद का दावेदार बनाया है,जबकि कपकोट बिधायक सुरेश गढ़िया के करीबी माने जाने वाले भूपेश फर्त्याल की पत्नी को ब्लॉक प्रमुख दावेदार बनाने को लेकर उनके समर्थन में कुछ भाजपाई नेताओं ने अंदरूनी विरोध दर्ज कराया था।

# अभावों के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रही थी मासूम, डाक्टर संदीप ने बढाए हाथ

वेलकम इंडिया



**झांसी!** ज्यादा दिन नहीं हुये, जब लखनऊ में एक बेटी ने अपनी शिक्षा के लिए जनता दरबार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी और मुख्यमंत्री ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए फीस का अभाव होने के बाद भी उस बेटी का एडमिशन स्कूल में कराया था। कुछ ऐसा ही नजारा आज झांसी में संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में देखने को मिला, जहां शिक्षा पाने के लिए आतुर एक बेटी को आर्थिक अभाव के चलते पढ़ने के लिए संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष तथा वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर संदीप सरावगी ने हाथ थामकर शिक्षा से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराये। दरअसल, शिक्षा जीवन का एक ऐसा हथियार है, जिसके सहारे प्रगति हर तरह से हासिल की जा सकती है। शिक्षा के अभाव में प्रतिभा होने के बाद भी प्रतिभाओं को दम तोड़ना पड़ जाता है और उनकी प्रगति का रास्ता रुक जाता है। यह पूरा मामला सागर गेट में रहने वाली गरिमा जोशी का है, जो वर्तमान में बलदेव भाई पटेल जूनियर हाई स्कूल में कक्षा एक में पढ़ रही है। गरिमा को पढ़ने की ललक है। साक्षर बनने के बाद कुछ बड़ा बनने के उसके सपने हैं, लेकिन उसके सामने आर्थिक अभाव सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ा हो जाता है। दरअसल, गरिमा के पिता अरविंद जोशी दिव्यांग है। शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। हालांकि अरविंद एक बेहतर क्रिकेट खिलाड़ी भी है, जो दिव्यांग टीम से कई प्रतिस्पर्धा में भाग ले चुके हैं। गरिमा आगे पढ़ना चाहती है, लेकिन अरविंद अपनी दिव्यांगता के कारण उसे आगे पढाने में खुद को बेबस समझ रहे हैं। आज जब अरविंद अपनी बेटी गरिमा जोशी को लेकर संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर पहुंचकर डॉक्टर संदीप सरावगी से मिले और उन्हें गरिमा की पढ़ने की इच्छा के बारे में बताया, तो डॉक्टर संदीप ने तत्काल बिना देर किए गरिमा को पढ़ाई से संबंधित सारे संसाधन उपलब्ध कराए। कॉपी किताबों से लेकर स्कूल की ड्रेस, जूते मौजे आदि कोई भी एक चीज डॉक्टर संदीप ने नहीं छोड़ी, जो गरिमा को उपलब्ध नहीं कराई गई हो। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होना बेहद आवश्यक है। जब प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित होगा, तो संपूर्ण समाज शिक्षित होगा और जब संपूर्ण समाज शिक्षित होगा, तो संपूर्ण देश शिक्षित होगा। सर्वांगीण विकास वही देश कर सकता है, जो पूरी तरह से शिक्षित हो, इसलिए हर एक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह एक-एक बच्चे को पूरी तरह से साक्षर बनाएं।

# धीरज ओझा की अगुआई मे निकली भव्य तिरगा यात्रा



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़ ।** रानीगंज विधानसभा के निर्वतमान विधायक भाजपा के तेजतर्रार नेता फायरब्रांड अभय कुमार धीरज ओझा के नेतृत्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निर्देश के क्रमभव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी । जिले की अब तक की सबसे बडी तिरंगा यात्रा की अगुआई करने से पहले विधायक धीरज ओझा ने देशभक्त अपबे साथियो सग भारत मां के वीर सपूत, अदम्य साहस और राष्ट्र प्रेम के प्रतीक अमर शहीद खुदीराम बोस जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सुबह ग्यारह बजे पृथ्वीगंज चौराहे से नमक शायर शहीद स्थल तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जिसकी अध्यक्षता पृथ्वी गज भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पा सरोज ने की तथा नेतृत्व लोकप्रिय नेता धीरज ओझा ने की । इस विशाल तिरगा यात्रा मे सैकडो बाइक और चारपहिया वाहनो के साथ हजारो की सख्या मे देशप्रेमी शामिल थे ।

# ग्लोब हेल्थकेयर ने प्रयागराज में सेमिनार कर दी कैंसर उपचार की नई राह, देशभर के नामचीन चिकित्सक हुए शामिल


**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज में ग्लोब हेल्थकेयर, निराला नगर, लखनऊ एवं इलाहाबाद नर्सिंग होम एण्ड प्राइवेट डाक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन, प्रयागराज द्वारा कुंभनगरी प्रयागराज में कैंसर रोग की जटिलता एवं उसके निवारण हेतु जानकारी दी गई, जिसमें प्रयागराज शहर व आसपास क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सकों ने भाग लिया। इस सेमिनार में ग्लोब हेल्थकेयर के फाउंडर एवं डायेरेक्टर डा० दीपक अग्रवाल, सुप्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ ने ग्लोब हेल्थकेयर की कैंसर की विशिष्ट सेवाओं के बारे में जानकारी दी। ग्लोब हेल्थकेयर प्रदेश का पहला सम्पूर्ण कैंसर केयर हॉस्पिटल है जो कि, मरीजों को विश्वस्तरीय श्वस्तरीय इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। ग्लोब हेल्थकेयर को ऑन्को मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा० अमित कुमार चौधरी ने सेमिनार में बताया की जटिल से जटिल कैंसर को इम्यूनोथैरेपी और टारगेटेड थेरेपी के द्वारा निवारण किया जा सकता है। वहीं ग्लोब हेल्थकेयर के रेडिएशन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा० फरहान अहमद ने कैंसर के असाध्य रोगों को रेडिएशन थेरेपी (सिंकाई) द्वारा मरीज का इलाज किया सकता है व महिलाओं में बच्चेदानी के कैंसर का संपूर्ण एवं सफल इलाज ब्रैकी थेरेपी द्वारा किया जाता है तथा इस थेरेपी से बच्चेदानी का कैंसर पूर्णरूप से समाप्त किया जा सकता है। ग्लोब हेल्थकेयर की कैंसर टीम के मुख एवं गला कैंसर सर्जन डा० स्वाग्निक चक्रवर्ती ने मुख एवं गले के कैंसर को उत्तम तकनीक द्वारा शल्य चिकित्सा एवं कैंसर के बचाव के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। सेमिनार का आरंभ इलाहाबाद नर्सिंग होम एण्ड प्राइवेट डाक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा० आशीष टण्डन जी ने उपस्थित सभी गणमान्य डाक्टरों को स्वागत किया एवं डा० अनुराग अग्रवाल जी ने सेमिनार का बहुत कुशल संचालन किया। सेमिनार में शहर के प्रख्यात वरिष्ठ पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डा० आलोक मिश्र जी, जिनका इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा है, ने शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों से आये हुए डाक्टरों को संबंधित किया। सेमिनार में डा० के०पी० श्रीवास्तव, डा० बी०बी० अग्रवाल, डा० अवनीश सक्सेना, डा० एस०डी० वर्मा, डा० कार्तिकेय शर्मा, डा० भगवत पाण्डेय, डा० घनश्याम मिश्रा, डा० बिन्दू विश्वकर्मा, डा० शेखर चौधरी, डा० ओ०पी० सिंह, डा० अरूण कुमार गुप्ता सहित शहर के अन्य प्रख्यात चिकित्सकों ने शिरकत की।

सेमिनार के अंत में एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष डा० पीयूष दीक्षित, ने सेमिनार में उपस्थित सभी चिकित्सकों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# बच्चियों ने बांधी राखी तो महामहिम मुर्मू ने लुटाया प्यार, दिया आशीर्वाद




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** राष्ट्रपति आवास पर स्कूली छात्राओं ने महामहिम द्रोपदी मुर्मू की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर विश्वास और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा देश भर के विद्यालयों से बच्चों को आमंत्रित किया गया था ।मथुरा से वृन्दावन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें राखी बाँधने का गौरव प्राप्त किया। वृन्दावन पब्लिक स्कूल से कशिका , वैष्णवी,अन्वी , अनिकेत राष्ट्रपति भवन पहुँचे ,बच्चों ने राखी बाँधी और बांके बिहारी जी का स्मृति चिह्न , वृन्दा राखी , तुलसी माला भेंट की। राष्ट्रपति भवन से सभी बच्चों को उपहार दिये गये। महामहिम ने सभी को आशीर्वाद भी दिया। उनकी सादगी और सहजता से सभी अभिभूत हो गये ।इस अवसर पर वीपीएस की प्राचार्य कृति शर्मा, मैनेजर पुण्य शर्मा भी साथ रहे।

# सिहोरा में निकाली गई तिरंगा रैली,प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/राया।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सिहोरा प्रथम ब्लॉक राया जनपद मथुरा में शासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में समस्त स्टाफ सदस्यों विद्यार्थियों तथा ग्राम सिहोरा के गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। विद्यार्थियों को तिरंगे झंडे के महत्व से परिचित कराया गया।इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने तिरंगे झंडे का निर्माण भी किया। भारत माता, वंदे मातरम तथा देश के अमर शहीदों के नारों से सिहोरा ग्राम को सुशोभित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्त स्टाफ सदस्य, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ गोपाल प्रसाद शर्मा, हरिओम सारस्वत, भूप सिंह, सपना पाल,डीएलएड प्रशिक्षु कनल बिटिया तथा नेहा बिटिया, चमेली देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उमेश तथा ग्रामीण जन रिंकू शर्मा, राजेंद्री देवी, गुड्डू चौधरी, दिनेश चौधरी, महेश चौधरी, मयंक चौधरी, ध्रुव गंधार, देवी प्रसाद, शैलेंद्र चौधरी, योगेश चौधरी तथा सुधीर चौधरी ने अपना अमूल्य सहयोग तिरंगा यात्रा को दिया।

## बरेली पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की अजब कहानी

# कहीं भी मिले बदमाश, मगर खास जगह से ही गिरफ्तारी दिखाने का ढर्रा अभी भी बरकरार

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** पुलिस विभाग ने अंग्रेजी शासनकाल की आईपीसी को त्यागकर बीएनएस की नई धाराओं को अपना लिया है। जिसके बाद पुलिस विभाग को अत्याधुनिक संसाधन और नई तकनीकी में दक्ष पुलिसकर्मी भी मिल गए हैं, जो कंप्यूटर पर फरार्टे से आधुनिकता के साथ काम कर रहे हैं।

बावजूद इसके थानों के दीवान पुरानी परि-पाटी के हिसाब से ही कामकाज कर रहे हैं।इसका नतीजा यह है कि वारदात के बाद या पुलिस की पकड़ से भागे अपराधी चाहें देश के किसी प्रदेश या शहर से पकड़े जाएं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी जब भी कभी होती है तो मुकदमे से संबंधित थाना क्षेत्र में एक या दो निश्चित जगह से ही होती है।बरेली जिले के लगभग हर थाना क्षेत्र में कुछ चुनिंदा प्वाइंट पुलिस ने बना रखे हैं जहां से पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी घेराबन्दी या मुठभेड़ में दिखाती है।सूत्रों के मुताबिक पहले की गिरफ्तारियों में इन खास स्थानों का जिक्र होता था, इसलिए थाने के दीवान और दरोगा नई कहानी बनाने की जगह पुरानी कहानी को ही थोड़ा बहुत इधर उधर कर गिरफ्तारी व बरामदगी दिखा देते हैं। हालांकि इससे पुलिस के गुडवर्क पर प्रश्नचिह्न भी लगते हैं, वहीं अदालत में भी आरोपियों को इसका फायदा मिलने का रास्ता बना रहता है। आपको बता दें कि बरेली शहर की लगभग हर कॉलोनी और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।लेकिन बरेली पुलिस आधुनिक दौर में भी गिरफ्तारी पुराने तरीके से ही दिखा रही है। सूत्रों का कहना है कि आमतौर पर पुलिस आरोपियों को अन्य जगह से गिरफ्तार कर लाती हैं और गिरफ्तारी अपने थाना क्षेत्र के इन्ही खास स्थानों से दिखाती है। ऐसे में पुलिस गिरफ्तारी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो जाती है। अदालत में विचारण के दौरान इस तरह के फुटेज पुलिस की कहानी पर भारी पड़ते हैं और आरोपियों की आजादी का रास्ता खुद व खुद बन जाता है।

थाना इज्जतनगर क्षेत्र में ऐसे कई स्थान हैं जो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जाने जाते हैं।इनमें सहारा मैदान और विलयधाम चौराहा सबसे खास हैं।फरवरी में सहारा मैदान पर मुठभेड़ में तीन गोतस्कर पकड़े गए। मई में पुलिस की भिड़ंत सहारा मैदान पर लुटेरों से हुई। इसमें स्कूटी सवार दो बदमाश गिरफ्तार हुए। बदायूं निवासी लुटेरे हबीबुल को विलयधाम से गिरफ्तार किया गया।

कोतवाली क्षेत्र स्थित इस्लामिया मैदान अक्सर पुलिस मुठभेड़ को लेकर चर्चा में रहता है। रिकॉर्ड के मुताबिक, जुलाई में तीन टप्पेबाजों से पुलिस की मुठभेड़ इस्लामिया मैदान में बने खंडहर में हुई थी। हालांकि इस्लामिया मैदान काफी व्यस्त रहता है लेकिन कोतवाली के दीवान जी अक्सर फर्द में लिखते हुए पाए जाते है कि वहां चोरी की बाइक व अन्य सामान छुपा रखा था। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र में कुछ खास स्थान गिरफ्तारी के लिए चलन में प्रसिद्ध हैं।इसी के साथ कोतवाली पुलिस तस्करों की गिरफ्तारी रेलवे स्टेशन के आसपास भी करती रही है। इसके अलावा जंक्शन से चौपुला रोड से भी गिरफ्तारी दिखाई जाती है।

प्रेमनगर पुलिस के गुडवर्क का पुल कुदेशिया पुल से बनता है। अक्सर कुदेशिया पुल के नीचे और पास में ही स्थित आरपीएफ बैरक वाले इलाके से प्रेमनगर पुलिस अपराधियों की धरपकड़ दिखाती है।मई में भांग की दुकान की आड़ में अफीम बेचने वाले दो लोगों को आरपीएफ बैरक के पास से ही गिरफ्तार किया था। दिसंबर 2024 में प्रेमनगर पुलिस लुटेरों से आरपीएफ बैरक के पास मुठभेड़ कर चुकी है।रेलवे में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी भी कुदेशिया पुल से दिखाई गई थी।

# जनपद में हर घर तिरंगा अभियान 2025, विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में तिरंगा रैली का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निदेर्शों के क्रम में जनपद मथुरा में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में कार्यक्रम तथा तिरंगा रैली आयोजित की जा रही है। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ तिरंगा रैली में प्रतिभाग किया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 2025 को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि आप सभी अपने अपने घरों में तिरंगा लगाए। उन्होंने सभी दुकानदारों, प्रतिष्ठाओं, पेट्रोल पंपों, होटलों, आश्रमों, कारखानों,फैक्ट्रियों, इंडस्ट्रियों, रेस्टोरेंटों, थानों, चौकियों, कोतवालियों, कार्यालयों, बस स्टैंडो, रेलवे स्टेशनों आदि स्थानों पर दिनांक 13 से 16 अगस्त 2025 तक तिरंगा लगाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत गवर्नमेंट हाई स्कूल भदाया गंगाधर के छात्र-छात्राओं के मध्य तिरंगा पतंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सम्पन्न। छात्र छात्राओं द्वारा सुंदर सुंदर पतंगे बनाई गई।हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत पी0एम0 श्री स्कूल पी0एस0 सिहोरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय अनूपनगर, प्राथमिक विद्यालय गढ़ी रौसू, प्राथमिक विद्यालय धाना शमसाबाद, उच्च प्राथमिक विद्यालय खप्परपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला सीता आदि में तिरंगा रैली निकाली गई।

# वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई , विजेता हुए सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** युवा परिवर्तन टीम ने गाँव कुंजेरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन कराया गया. जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सोलह सौ मीटर दौड़ , लंबी कूद, व कबड्डी आदि प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान देवी सिंह पटेल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. अतिथियों ने बच्चों की दो सौ मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ किया।जिसमें प्रथम सागर, तृतीय पवन, तृतीय मनीष ने स्थान प्राप्त किया सोलह सौ मीटर दौड़ में प्रथम राजवीर बघेल, द्वितीय गुड्डू सैनी, तृतीय पंकज सैनी रहा वहीं दूसरी सोलह सौ मीटर दौड़ में प्रथम चिंकू सैनी, द्वितीय नंदकिशोर, तृतीय योगेश ठाकुर ने बाजी मारी. वहीं लम्बी कूद में प्रथम गुड्डू सैनी, द्वितीय सोनपाल, तृतीय स्थान शिवम् ने प्राप्त किया और कबड्डी प्रतियोगिता में कप्तान नागेंद्र सिंह, भोला, करन, अनिल, प्रेम सिंह, चंद्रभान, नरेश की टीम ने जीत हांसिल की हैं. विजेताओं को ग्राम प्रधान देवी सिंह, कमेटी अध्यक्ष गोपाल सिंह, उपाध्यक्ष रामबाबू, मास्टर, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा आदि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. वहीं दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजक गोपाल सिंह, रामबाबू मास्टर, मुकेश शर्मा ने बताया ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि युवाओं को खेलो के प्रति जागरूक करना और उनकी प्रतिभा को मंच देना है। और कहा की आने वाले वर्षों में इस प्रतियोगिता को और बडे स्तर पर आयोजित करने की योजना हैं। इस अवसर पर मोहन नेता जी, नन्दो प्रधान, लक्ष्मण मुनीम,विक्रम एडवोकेट, संजीत बोहरे, गँजेन्द्र बोहरे, रामेश्वर मास्टर, बृजलाल मुनीम, काली चरण दूधिया, महावो भैया, पप्पा ठाकुर, राधे बखरिया, विहारी चरण सैनी, महेन्द्र नेता, ठाकुरलाल बघेल, हर प्रसाद फौजी, पीता ठाकुर, राजेंद्र मैथिल, आदि उपस्थित रहे।

# जिले में सोमवार से खिलाई गई कृमि मुक्ति दवा, पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किया गया अभियान का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजीव यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अर्न्तगत सोमवार से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू हो गया। अभियान का शुभारंभ पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल सिविल लाइन में पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज यादव द्वारा उपस्थित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे किसी कारणवश दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है।कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है।पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को 10 फरवरी को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी।इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।

# पांच करोड़ों से बने नाले से जल भराव, नाला बनने से अड़ींग जीआईसी में भरने लगा पानी



**वेलकम इंडिया**


**मथुरा/अड़ींग।** नाला निर्माण पर पांच करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च होने के बाद भी जल निकासी नहीं हो पा रही है। गुजरे साल की तरह जीआईसी में छह इंच से डेढ़ फीट तक पानी खड़ा है। दूसरी ओर जीजीआईसी के चारों ओर फिटों पानी खड़ा है। कन्या विद्यालय के एक हिस्से में भी पीनी घुस गया है। नाले का लेविल गलत होने के कारण यह समस्या पिछले साल से पैदा होने लगी है। अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद भी नतो किसी ने लेबिल ठीक किया है न जल निकासी की ओर ध्यान दिया है।

39 करोड़ की परफॉर्मेंस ग्रांट में से करीब पांच करोड़ में केशो पंडित के घर से खादी ग्रामोद्योग के सामने से होते हुए सेहरा पायसा स्थित बाय तक पक्के सीसी नाले का निर्माण गत वर्ष हुआ। पहली बरसात में ही नाले की कमी उजागर हो गई। आरंभ में नाले का लेबिल ऊंचा करने के कारण पानी गावर्धन रोड के ऊपर से उफनकर ही निकल पाया।नाला बनने के बाद राजकीय भारतीय इण्टर कालेज के अंदर एवं राजकीय कन्या इण्टर कालेज के चारों ओर जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जीआईसी में तो दो महीने शिक्षण भी बंद हो गया। वहीं कन्या इण्टर कालेज के चारों ओर खड़ा पानी दिसंबर तक भी नहीं निकला।

नाला निर्माण के बाद से तलैया मोहल्ले के निकट पूरे साल जल प्लावन की समस्या बनने लगी है। गंदे पानी के जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बना रहता है। शिकवा- शिकायतों पर अधिकारी गौर नहीं करते।मुरारी यादव के घर से राजकीय भारतीय इण्टर कालेज तक नाले का लेबिल ऊंचा होने से नाले में पानी नहीं चल पा रहा है ?।इसी के चलते जो इलाके नीचे पड़ते हैं वहां पानी जमा हो जाता है।

# एनयूजे आई प्रयागराज ने नवागत जिलाधिकारी से की भेंट

**वेलकम इंडिया**



नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई के पदाधिकारियो तथा सदस्यो ने आज प्रयागराज के नवागत तेज तर्रार जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से एक शिष्टाचार भेंट किया। तथा नवागत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा जी को संगठन की ओर से बुके तथा शुभकामना पत्र देकर प्रयागराज मे स्वागत किया । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने एनयूजे के सभी पदाधिकारियो तथा सदस्यो से परिचय होने के बाद एक संक्षिप्त वार्ता हुई जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने वार्ता मे कहाँ यहाँ आते ही बाढ का सामना करना पडा तथा बाढ से निपटने मे प्रयागराज के पत्रकारो नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई तथा समाज सेविओ का पूर्ण सहयोग मिला जिससे हम सब बाढ पीडितो को अच्छी व्यवस्था दे सके। मै उम्मीद करता हुँ कि नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई से साकारात्मक खबरो को लेकर सहयोग बराबर मिलेगा। वही दूसरी ओर नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज की ओर से संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने खबरो को लेकर सकारात्मक सहयोग करने का पूर्ण सहयोग करने का आशवासन जिलाधिकारी को दिया।उक्त पदाधिकारियो ने आशा व्यक्त किया की जिला प्रशासन तथा एनयूजे परस्पर सहयोग करते रहेंगें।जिलाधिकारी से मिलने वालो मे तथा बधाई और शुभकामना देने वालो मे श्री पवन दिवेदी परवेज आलम कुन्दन श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला आयुष श्रीवास्तव मनीष दिवेदी बी के यादव असद कुरैशी शनी कुमार केसरवानी कुलदीप सिंह मधुर दरबारी रंजीत निषाद इरफान खान सौरभ कुमार आदर्श मो नसीम नफीस अहमद अशरफ अली मो0 शकील खान मनोज कुमार गौरव त्रिपाठी पवन देव शितला प्रसाद तिवारी जितेद्रं कुमार सिंह शिव जी मालवीय आनन्द श्रीवास्तव अमीत श्रीवास्तव सत्यम कुमार निषाद शेखर आदर्श राकेश कुमार पाल शहनवाज अहमद मो औसाफ भाल चद्रं पान्डेय तथा अन्य सदस्य ।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की बीएलओ ड्यूटी सूची पर सवाल, अनियमितताओं के आरोप

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/नंदगांव।** क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जारी बीएलओ ड्यूटी सूची में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। शिक्षकों का कहना है कि सूची बनाते समय न तो समानता बरती गई और न ही नियमों का पालन हुआ।

कई ऐसे अध्यापक ड्यूटी में लगाए गए हैं जो एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में इंचार्ज कार्यरत हैं, जिससे विद्यालय संचालन और शिक्षण कार्य तो प्रभावित होगा ही साथ ही खोलने बंद की समस्या भी होगी। मैटरनिटी लीव पर गई महिला शिक्षकों और लंबे समय से चिकित्सकीय अवकाश पर रहने वाले कर्मचारियों के नाम भी ड्यूटी में शामिल किए गए हैं, जबकि नियमों के तहत इन्हें ऐसी जिम्मेदारी से मुक्त रखा जाता है। आरोप है कि कम अध्यापक वाले स्कूलों से स्टाफ लिया गया, जबकि उसी पंचायत के अधिक स्टाफ वाले विद्यालयों को छोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी ने प्रशाशन से मांग की है कि इन अनियमितताओं की जांच कर ड्यूटी में आवश्यक संशोधन किए जाएं।

# मोदी कॉलेज में छात्रों को एल्बेंडाजोल टैबलेट का वितरण किया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में कृमि दिवस के अवसर पर विद्यालय के लगभग 3200 छात्रों को एल्बेंडाजोल टैबलेट का वितरण किया गया। राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर विद्यालय की दोनों पालियों में लगभग 31,80 उपस्थित छात्रों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलायी गयी। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल ने बताया कि कृमि संक्रमण से बचने के लिए एल्बेंडाजोल टैबलेट बच्चों एवं बड़ों दोनों के लिए सुरक्षित है। इस दवाई का उपयोग सभी जगहों पर कृमि संक्रमण से बच्चों को बचाने के लिए किया जाता है। यह टैबलेट



एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी उन छात्रों को चाहे विद्यालय में अध्ययनरत है अथवा नहीं, को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए खिलाई जाती है, ताकि उनका समग्र स्वास्थ्य पोषण अच्छी स्थिति में शिक्षा तक पहुँचें और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।कृमि संक्रमण भारत में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है जो लाखों बच्चों को प्रभावित करता हैं और उनके शारीरिक, मानसिक, ज्ञानात्मक विकास में बाधा डालता है। यह वर्ष में दो बार, 10 अगस्त तथा 10 फरवरी को मनाया जाता है।कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी छात्रों को साफ सफाई का ध्यान रखने, अपने नाखूनों को साफ रखने एवं वर्षा ऋतु के इस समय में संक्रमण से बचने के लिए पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही खुले में शौच न करने एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा साफ स्वच्छ जल का उपयोग करने हेतु प्रेरित करते हुए फल और सब्जियों को साफ जल से धोकर खाने का आह्वान किया।एलबेन्डाजोल टैबलेट खिलाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा, विशेष रूप से विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वाइ सी शर्मा, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड , गौरव त्यागी, नरेश प्रजापति, संजीव चौधरी, शरद कुमार बाजपेई, आशना सक्सैना आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# दिनेश कुमार गोयल द्वारा जर्जर माध्यमिक विद्यालयों की कायाकल्प व आवारा कुत्तों के हमले से लोगों में दहशत दूर करने हेतु मांग उठायी

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)**। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा उनके द्वारा मांग की गई कि विद्यालय छात्रों के उज्जव भविष्य की आधार शिला बनते है। यदि यह आधार शिला जर्जर और असुरक्षित हो तो उस पर एक मजबूत भविष्य की इमारत कैसे खडी हो सकती है। छात्रो का भविष्य जर्जर भवनों के खतरों के बीच तराशा जाना उनके और राष्ट्र के भविष्य के साथ मजाक कारण बनता है। वर्तमान उ०प्र० की भाजपा की सरकार शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास पर पानी की तरह धन व्यय कर रही है। परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तर्ज पर माध्यमिक विद्यालयों का भी स्वरूप बदलना न्यायोचित होगा। इसलिए लोकमहत्व के इस तात्कालिक और अविलम्बनीय विषय पर प्रदेश में ऐसे जर्जर माध्यमिक विद्यालयों के भवनों के ध्वस्तीकरण और नया रूप देने पर हेतु मांग की गयी। साथ ही मांग की गयी कि उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है आवारा कुत्तों के हमले से लोंग दहशत के साये में लोग जीने को मजबूर हो गये है। बच्चें और बुजुर्ग घर से निकलने में डर रहे है। नगर निगम, नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग इस जटिल समस्या से निपटने में नकाम हो रहे है। आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ते आतंक से निपटने के लिए अधिकारियों के प्रयास प्रभावी नहीं हो पा रहे है। महानगरों में रिहायशी सोसाइटीज में लोगो के रहने के दृष्टिकोण से सुरक्षित मानी जाती है। अब वही रिहायशी सोसाइटीज आवारा कुत्तों के रहने का ठिकाना बन गई है। आवारा कुत्तों के निरंतर बढ़ती संख्या से लोग खौफ खाने लगे है। इसलिए लोक महत्व के इस तात्कालिक और अविलम्बनीय विषय पर आवारा कुत्तों के हमलों से लोगो के जीवन और सुरक्षा पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल देने हेतु मांग की गयी।

# पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानेंजय सिंह भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर में तैनात था।कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार पुत्र योगेंद्र सिंह जो मूल रूप से ग्राम सदरूद्दीननगर थाना भौराकला जनपद मुजफ्फरनगर के निवासी थे, जिनकी कल रात्रि में सड़क दुर्घटना में दुःखद मृत्यु हो गयी है।हापुड़ के पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के पुलिस लाइन हापुड़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पार्थिव शरीर के अन्तिम दर्शन किए गए एवं दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोकाकुल परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी गयी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा भी शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। आरक्षी के पार्थिक शरीर को रिजर्व पुलिस लाइन में अन्तिम शोक सलामी देने के उपरान्त उनके शरीर को ससम्मान उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# अधिवक्ताओं के चैंबर में हुई चोरी के खुलासे को लेकर अधिवक्ताओं ने एसीपी को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। नगर पालिका कॉम्प्लेक्स तहसील मोदीनगर के सामने प्रथम तल पर सुधीर वशिष्ट अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ताओं के चैम्बर्स के ताले तोड़े जाने व चोरी होने के सम्बन्ध में बार एसोसिएशन मोदीनगर से जुड़े अधिवक्ताओं ने चोरी के खुलासे को लेकर एक ज्ञापन सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर को दिया।

ज्ञापन में कहा है कि नगर पालिका कॉम्प्लेक्स तहसील मोदीनगर के सामने प्रथम तल पर कई अधिवक्ता अपना विधि व्यवसाय करते है। दिनांक 26.07.2025 समय करीब 6:30 बजे शांय चैंबर बन्द करने के पश्चात जब दिनांक 28.07.2025 सोमवार को अधिवक्तागण अपने चैम्बर्स पर विधि व्यवसाय करने के लिए आये तव पता चला कि कई अधिवक्ताओं के चेम्बर्स के ताले टूटे हुए है तथा कई अधिवक्ताओं के चेम्बर्स के तालो पर



हथोडे के निशान भी मौजूद थे। कई अधिवक्ताओं के चेम्बर्स पर चोरों ने ताला तोड़कर अधिवक्ताओं की टेबल की दराज में से लाखों रुपए की चोरी तथा इन्वर्टर बैटरी आदि को भी चोरी किया गया है। जिसकी एफ०आई०आर० नं० 429 थाना मोदीनगर में दर्ज करा दी गयी है। ए०सी०पी० के न्यायालय के बराबर में व तहसील प्रशासन की नाक तले से चोरों न अधिवक्ताओं के चैम्बर्स पर की गयी चोरी की घटना को अन्जाम दिये जान ये सभी अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त चला आ रहा है तथा इस राम्बन्ध में सभी अधिवक्ताओं ने उपरोक्त के सम्बन्ध में एक ज्ञापन सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मोदीनगर में दिनांक 02.08.2025 को सक्षम अधिकारी को दिया गया था। जिसमें उनके द्वारा प्रभारी कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया था। आज उपरोक्त घटना को व्यतीत हुए लगभग 16 दिन हो चुक है, लेकिन उपरोक्त घटना का खुलासा थाना मोदीनगर द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। हम सभी अधिवक्तागण इस ज्ञापन के माध्यम से आपको उपरोक्त घटना का खुलासा करने हेतु 7 दिन का एक आखरी अवसर देते हुये सचेत करना चाहते हैं कि यदि आपके विभाग द्वारा उपरोक्त घटना सुलासा शीघ्र से शीघ्र 7 दिनों के भीतर नहीं किया जाता है तो हम सभी अधिवक्तागण आपके कार्यालय का घेराव करके आन्दोलन करने के लिए मजबूर होगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपके विभाग की होगी। ज्ञापन देने वालों में तहसील बार एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष जगवीर सिंह, सचिव नकुल त्यागी ,राजकुमार गुप्ता ,अमरदीप नेहरा सुधीर वसिष्ठ, उत्तम त्यागी अजीत कुमार ,राकेश कुमार, प्रेमबीर राठी ,अनिल चौधरी, विनोद पाल ,राजकुमार चौधरी ,सचिन दीक्षित आदि अधिवक्ता थे।

# विद्यार्थियों को कीड़े मारने की गोली खिलाई गई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस के अवसर पर आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर में विद्यार्थियों को कीड़े मारने की गोली खिलाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर के प्रभारी डॉक्टर रवि शर्मा के द्वारा बच्चों को गोलियां खिलाकर किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रेम चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय की हेल्थ एंबेसडर टीम, रेड क्रॉस टीम एवं डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर सुशांत सिंह, डॉक्टर रामोद यादव, डॉक्टर नसरीन एवं एएनएम पूजा उपाध्याय शामिल रहे।

# सड़क हादसा कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, सिपाही सोनू बालियान की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के थाने तैनात थे।सोनू बालियान, जो मूल रूप से मुजफ्फरनगर के निवासी थे, रक्षाबंधन के अवसर पर अपने घर गए थे। रविवार रात करीब 10:30 बजे वह ड्यूटी के लिए थाना हाफिजपुर लौट रहे थे। हापुड़ में दर्दनाक सड़क हादसा कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, सिपाही सोनू बालियान की मौत

कार से शव निकालती पुलिस हापुड़ जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने पुलिस महकमे को झकझोर दिया।थाना हाफिजपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात सिपाही सोनू बालियान की तेज रफ्तार वैगनआर कार की सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर के बाद मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।यह हादसा गढ़ रोड पर पटना मुरादपुर गांव के पास हुआ, जिसने सिपाही के परिवार में कोहराम मचा दिया और पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के मुताबिक सोनू बालियान, जो मूल रूप से मुजफ्फरनगर



के निवासी थे, रक्षाबंधन के अवसर पर अपने घर गए थे. रविवार रात करीब 10:30 बजे वह ड्यूटी के लिए थाना हाफिजपुर लौट रहे थे।गढ़ रोड पर पहुंचते ही उनकी कार सड़क पर खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली (बिना लाइट और चेतावनी संकेतक) से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और सिपाही ड्राइविंग सीट पर फंस गए।गैस कटर से निकाला शव हादसे की सूचना मिलते ही एसपी ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर सहित पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं।करीब एक घंटे की मशक्कत और गैस कटर की मदद से सिपाही के शव को कार से निकाला गया।ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि हादसा रात का है। सिपाही सोनू बालियान पटना मुरादपुर से हाफिजपुर थाने की ओर जा रहे थे। उनकी कार ने सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मारी।शव को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है, और चालक की तलाश जारी है, जो हादसे के बाद फरार हो गया। अवैध पार्किंग और लापरवाही के लिए मुकदमा दर्ज करने की तैयारी है।परिवार गहरे सदमें में सोनू बालियान को उनके सहकर्मियों ने एक मेहनती और समर्पित पुलिसकर्मी के रूप में याद किया।उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार और पुलिस महकमे में गहरा शोक है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सहकारी बैंक घोटाले के मास्टरमाइंड को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली**। फरीदपुर की सहकारी बैंक में करोड़ों का घोटाला करने वाले निलंबित शाखा प्रबंधक गौरव वर्मा को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर ही लिया। गौरव पर किसानों और विधवाओं के खातों से सरकारी योजनाओं की भारी-भरकम रकम हड़पने का आरोप है। पुलिस ने उसे रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे फरीदपुर इलाके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरअसल यह पूरा मामला करीब 1.31 करोड़ रुपये के गबन का है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बैंक के कर्मचारी चंद्र प्रकाश, दीपक पांडे, मुकेश कुमार गंगवार के साथ मिलकर गौरव वर्मा ने किसान सम्मान निधि और विधवा पेंशन निधि में सेंध लगाई। मामला 8 जुलाई को तब खुला, जब जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ सहायक अंकित कुमार ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद




गौरव वर्मा ने पुलिस की पूछताछ में कबूल किया कि मई 2022 में शाखा प्रबंधक बनने के बाद उसने लिपिक चंद्र प्रकाश के कहने पर अपने सिस्टम का आईडी-पासवर्ड उसे दे दिया। इसके बाद चंद्र प्रकाश ने करीब 550 फर्जी खाते खोलकर गलत आधार नंबर से लिंक कर दिए। इन्हीं खातों के जरिए लगभग 90 लाख रुपये निकाल लिए गए। गौरव ने यह भी बताया कि उसके आने से पहले ही पूर्व शाखा प्रबंधक मुकेश गंगवार के कार्यकाल में करीब 40-45 लाख रुपये का गबन हो चुका था। फिलहाल बैंक में करीब 60 लाख रुपये ही बचे हैं। फिल्हाल फरीदपुर थाने के निरीक्षक अपराध रविन्द्र कुमार नैन, उपनिरीक्षक लोकेश तोमर और कांस्टेबल महेश ने मिलकर गौरव को फरीदपुर क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है और बैंक के सभी वित्तीय लेनदेन की बारीकी से जांच कर रही है।

# लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर यातायात जाम से निजात हेतु एकीकृत बस अड्डे के निर्माण की मांग

समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ, 8अगस्त 2025**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य मुकेश शर्मा ने राजधानी लखनऊ में लगातार बढ़ रहे यातायात जाम की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की है। मुकेश शर्मा ने सदन में कहा कि कैसरबाग, चारबाग, आलमबाग जैसे बस अड्डों से बड़ी संख्या में अंतरजिला बसों का लगातार आवागमन होता है, जो लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर जाम का प्रमुख कारण बन रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि लखनऊ की आउटर रिंग रोड पर एक एकीकृत बस अड्डे का निर्माण किया जाए और अन्य जिलों को जाने वाली



बसों का संचालन वहीं से किया जाए, जिससे शहर को जाम से राहत मिल सके और यातायात सुचारू रूप से चल सके। मुकेश शर्मा ने कहा कि यह लोक महत्व का विषय है और मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस दिशा में आकर्षित करना चाहता हूँ।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीबीगंज इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय क्रमी मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया

वेलकम इंडिया/चरण सिंह

**बरेली**। सीबीगंज इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय क्रमी मुक्ति दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह एवं डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा फीता काट कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि हमे हर 6 माह में एक बार एलबेंडाजोल की एक गोली जरूर खानी चाहिए, क्योंकि ऐसा न करने से हमारे शरीर संबंधित बीमारी जैसे भूख न लगना एवं



मानसिक विकार जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं इसलिए हमे हमेशा ही राष्ट्रीय क्रमी मुक्ति दिवस पर एलबेंडाजोल की गोली जरूर खानी चाहिए। इस गोली को 1 से दो साल तक बच्चों को आधी गोली चुरा बनकर खिलानी चाहिए तथा 2 साल से अधिक के बच्चों को एक गोली खिलानी चाहिए। इसी क्रम में चले आ रहे टी डी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सीबीगंज इण्टर कॉलेज में टीकाकरण कराकर भी बच्चों को लाभान्वित किया गया, ताकि बच्चे टेटनस एवं डिप्थीरिया जैसे रोग से बचे रहे। इस अवसर पर विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत बच्चो द्वारा स्तनपान की प्रक्रिया को चित्रलेखन के माध्यम से स्कूली बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदरता से प्रकट किया गया एवं बताया गया कि स्तनपान नौनिहालों के लिए बहुत ही जरूरी होता है। ताकि उनके शरीर में बीमारियों का आवास न बने और वह हष्ट पुष्ट बने रहे। इस प्रतियोगिता में आशी गुप्ता डॉलफि न इंटरनेशनल स्कूल को प्रथम पुरस्कार तथा द्वितीय पुरस्कार पूजा सीबीगंज इंटर कालेज तृतीय पुरस्कार मिलन शर्मा सीबीगंज इण्टर कालेज को प्रदान किया गया।

# जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित तीनो ब्लाकों के ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ और कनिष्ठ प्रमुख पदों के लिए हुए नामांकन

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर** , गोविन्द मेहता, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जिला पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष औरतीनों विकासखंडों में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उपप्रमुख एवं कनिष्ठ उपप्रमुख के पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आरओ जिला पंचायत/जिलाधिकारी आशीष भटगाई की मौजूदगी में सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से सिमकुना से जिला पंचायत सदस्य सरोज और



भाजपा से वज्यूला से जिला पंचायत सदस्य शोभा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं जिपं उपाध्यक्ष के लिए भाजपा से आरे से जिपं सदस्य विशाखा खेतवाल और सात से निर्दलीयप्रत्यासी के रूप में पुनः जीतकर आए निवर्तमान जिपं उपाध्यक्ष रहे जिपं सदस्य नवीन परिहार ने दूसरी बार पुनः जिपं उपाध्यक्ष बनने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। सभी नामांकन पत्रों की साढ़े तीन बजे से जांच शुरू हो गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि नाम वापसी 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक की जा सकती है। इन पदों के लिए चुनाव 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा। इसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।वही भाजपा से जिपं अध्यक्ष पद के नामांकन के लिए दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री भूपेश उपाध्याय, विधायक पार्वती दास, प्रस्तावक जिपं सदस्य जनार्दन लोहनी, सहित भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, और अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 78 फीट ऊंचा तिरंगा बना आकर्षण, नगर आयुक्त ने दिया हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता का संदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गाजियाबाद नगर निगम ने सोमवार को देशभक्ति के रंग में रंगी एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निकली इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण 78 फीट ऊंचा तिरंगा रहा, जो शहरवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बना। नगर निगम मुख्यालय से नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ तक निकली इस यात्रा में निगम अधिकारियों, माननीय पार्षदों, एम.बी. गर्ल्स स्कूल की छात्राओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने हाथों में तिरंगा थामे जोशीले नारों और देशभक्ति गीतों के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। शहीद पथ पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया,



जहां नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव और पार्षदों ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित कर उन्हें नमन किया। नगर आयुक्त ने इस अवसर पर कहा, हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा लगाने तक सीमित नहीं है, यह हमारे देश के प्रति सम्मान और गर्व का प्रतीक है। इसके साथ 'हर घर स्वच्छताज्का संकल्प भी शहर को एक नई पहचान देगा। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस वर्ष चार लाख राष्ट्रीय ध्वज शहर के हर घर तक पहुंचाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान यह भी अपील की गई कि 15 अगस्त के बाद राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस यात्रा में स्कूल छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था, जिन्होंने पूरे जोश के साथ नारे लगाए और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। 78 फीट ऊंचा तिरंगा इस यात्रा का मुख्य आकर्षण बना, जिसे देखकर लोगों में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गई। नगर आयुक्त ने बताया कि इस अभियान की सफलता के लिए पार्षदों को जोनवार राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए जा चुके हैं और सामाजिक संस्थाओं का भी विशेष सहयोग मिल रहा है। अगले दो दिनों में चार लाख तिरंगे शहर के हर कोने तक पहुंच जाएंगे। इस तिरंगा यात्रा ने न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल किया बल्कि गाजियाबाद नगर निगम के हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान को नई गति दी। स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक 78वें वर्ष में यह आयोजन शहर के लिए एक यादगार पल बन गया।

# अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह का पदार्फाश

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** तेज-तर्रार कार्रवाई और सटीक योजना के साथ गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने सोमवार को एक ऐसे अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह का पदार्फाश किया, जो विशेष 'रसायनज्से रुपये तीन गुना करने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये हड़प रहा था। स्वाट टीम, अपराध शाखा और थाना साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरोह के चार सदस्य हैप्पी सिंह, अनीस, साजिद और शौकीन गिरफ्तार हुए हैं। उनके पास से महिंद्रा एक्सयूवी-500 कार, 3,50,000 नकद, कांच की प्लेट, रसायन और अन्य ठगी में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से शिकार तलाशता था। वे पहले पीड़ित को विश्वास में लेते और दावा करते कि उनके पास ऐसा विशेष रसायन और तकनीक है जिससे साधारण नोट को तीन गुना मूल्य में बदला जा सकता है। गिरोह कुछ असली नोट और बाकी काले रंग से रंगे नोटों का इस्तेमाल करता। कांच की प्लेट पर रसायन और पाउडर लगाकर वे पीड़ित के सामने डेमो करते, जिससे लगता कि सभी नोट 'जादुईज् तरीके से असली बन गए हैं। लालच के जाल में फंसा व्यक्ति प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर लाखों रुपये दे देता और ठगी का शिकार हो जाता। थाना साहिबाबाद पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि इलाके में रुपये दोगुना-तिगुना करने का लालच देकर ठगी की जा रही है। अपराध शाखा और स्वाट टीम ने तकनीकी सर्विलांस व मुखबिरों की मदद से गिरोह की लोकेशन ट्रेस की। नकली ग्राहक बनाकर सौदेबाजी तय की गई और मौके पर पहुंचते ही घेराबंदी कर चारों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। तलाशी में भारी नकदी, ठगी का पूरा सामान और कार बरामद कर सीज कर दी गई। जांच में पता चला कि गिरोह गाजियाबाद के अलावा दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और पंजाब में भी सक्रिय था। इन पर पहले से भी धोखाधड़ी और ठगी के कई मामले दर्ज हैं। वे खासतौर पर औद्योगिक इलाकों और उन व्यक्तियों को निशाना बनाते थे, जिनके पास नकदी तो होती है लेकिन जल्दी मुनाफा कमाने की चाह उन्हें जाल में फंसा देती थी। सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) सूर्यबली मौर्य, ने कहा कि इस तरह के गिरोह लोगों की लालच और भरोसे का गलत फायदा उठाते हैं।

# डीसीपी सिटी रोजाना सुन रहे जनता की फरियाद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने जनता से सीधा संवाद कायम करते हुए शिकायतों के समाधान को अपनी रोजमर्रा की प्राथमिकता बना लिया है। अपने कार्यालय में प्रतिदिन विभिन्न समस्याओं के साथ आने वाले लोगों से वह व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनते हैं और मौके पर ही संबंधित विभाग या अधिकारी को निर्देश जारी करते हैं, ताकि शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और तय समयसीमा में हो सके। डीसीपी धवल जायसवाल का कहना है कि पुलिस और जनता के बीच भरोसे की डोर तभी मजबूत होगी जब शिकायतकर्ता को यह महसूस होगा कि उसकी समस्या को गंभीरता से सुना जा रहा है और उस पर तत्काल कार्रवाई हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही, देरी या अधूरी कार्रवाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से मुलाकात के दौरान डीसीपी न केवल शिकायत दर्ज कराते हैं बल्कि संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर आवश्यक निर्देश देते हैं, जिससे समस्या का समाधान तेजी से हो सके।

# हर शिकायत का प्राथमिकता और पारदर्शिता से होगा निस्तारण : डीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की, जिसमें इस बार भी प्रार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली। नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत, स्वास्थ्य, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। डीएम ने सभी प्रार्थियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और आश्वस्त किया कि प्रत्येक मामले का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता, प्राथमिकता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत या प्रार्थना पत्र के निस्तारण में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग ने बिजली के अधिक बिल की समस्या रखते हुए बताया कि घर में कोई कमाने वाला नहीं है और बिल का भुगतान संभव नहीं। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य अभियंता विद्युत से वार्ता कर समाधान के निर्देश दिए। किसानों ने चीनी मिल से दीपावली से पूर्व शेष गन्ना भुगतान की मांग रखी, जिस पर डीएम ने शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया। एक वृद्ध दंपत्ति ने अपने पुत्र पर जमीन हड़पने और देखभाल न करने की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने नए जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी पूर्व सैनिकों का विस्तृत विवरण तैयार कर उपलब्ध कराया जाए और यदि कोई पूर्व सैनिक कार्य करने का इच्छुक है, तो उसकी योग्यता और अनुभव के अनुसार नियोजन की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने दोहराया कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता की समस्याओं का तेजी और ईमानदारी से समाधान है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनहित के मामलों में टाल-मटोल या हिला-हवाली करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान एडीएम (वित्त/राजस्व) सौरभ भट्ट और जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# लिस गश्त के दौरान दर्दनाक हादसा, ट्रक की टक्कर से जवान शहीद, चालक फरार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे जिले को गमगीन कर दिया। गश्त पर निकली 112 डायल पुलिस वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक पुलिसकर्मी मौके पर ही शहीद हो गया, जबकि अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हैं। ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा रात करीब 1 बजे का है, जब पुलिस की 112 डायल टीम नियमित गश्त करते हुए भोजपुर क्षेत्र से गुजर रही थी। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़े और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मृतक जवान का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश तेज कर दी है।

# यू.पी.112 टीम को सख्त हिदायत, जनता का भरोसा ही पुलिस की असली ताकत




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनता की शिकायतों का तुरंत और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने एक बार फिर से अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सोमवार को पुलिस उपायुक्त नगर जोन/मुख्यालय धवल जायसवाल ने यू.पी.112 पर नियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की गति और गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि हर नागरिक की आवाज पुलिस तक तेजी से पहुंचे और उसका समाधान समयबद्ध तरीके से हो यही हमारी असली पहचान है। बैठक के दौरान डीसीपी धवल जायसवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता का भरोसा बनाए रखना पुलिस का पहला और सबसे अहम दायित्व है। जब कोई व्यक्ति 112 पर कॉल करता है तो उसके मन में केवल एक ही उम्मीद होती है कि पुलिस तुरंत पहुंचे और उसकी समस्या का समाधान करे। उन्होंने कहा कि पहली प्रतिक्रिया ही पुलिस की छवि बनाती है और इसी वजह से हर अधिकारी और कर्मचारी को यह समझना होगा कि मौके पर समय से पहुंचना, सही कार्रवाई करना और पीड़ित पक्ष को संतोषजनक समाधान देना ही असली सफलता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिकायत के समाधान में लापरवाही, देरी या आधा-अधूरा निपटान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस को हर शिकायत को गंभीरता से लेना होगा, चाहे वह छोटी हो या बड़ी। मौके से सटीक और पूरी जानकारी एकत्रित करना, शिकायतकर्ता से संवाद बनाए रखना और कार्यवाही के हर चरण की जानकारी देना यह सब पुलिस की कार्यप्रणाली का हिस्सा होना चाहिए। डीसीपी जायसवाल ने टीम को यह भी याद दिलाया कि यू.पी.112 केवल एक आपातकालीन नंबर नहीं है, बल्कि यह जनता और पुलिस के बीच भरोसे का सेतु है। उन्होंने कहा कि इस सेवा से जुड़ा हर कर्मचारी जनता की उम्मीदों और सुरक्षा का सीधा जिम्मेदार है, इसलिए उसमें न केवल पेशेवर दक्षता बल्कि संवेदनशीलता और मानवता का भाव भी होना चाहिए।

बैठक में पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और गति को और तेज किया जाएगा। आधुनिक तकनीक, बेहतर संचार व्यवस्था और प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से यू.पी.112 को इस तरह संचालित किया जाएगा कि किसी भी शिकायत का समाधान बिना देरी और पूरी गंभीरता के साथ हो। उन्होंने टीम को आश्वस्त किया कि यदि कोई अधिकारी अथक परिश्रम करता है तो उसे उचित सम्मान और प्रशंसा मिलेगी, वहीं लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक का नतीजा यह निकला कि गाजियाबाद पुलिस, विशेषकर यू.पी.112 की टीम, आने वाले दिनों में और ज्यादा सतर्क, तेज और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील दिखाई देगी। इस पहल से न केवल कानून–व्यवस्था को मजबूती मिलेगी बल्कि जनता का पुलिस पर भरोसा भी नए मुकाम पर पहुंचेगा।

## गरीब बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना ही हमारी असली सफलता

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित दो दिवसीय अभिविन्यास एवं क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक संदेशों और भविष्य की ठोस योजनाओं के साथ हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा, शिक्षक का जीवन तभी सार्थक है जब वह समाज और देश के लिए कुछ कर सके। बच्चों को केवल पढ़ाना ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से गरीब परिवारों के बच्चों को स्वावलम्बी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि मेवाड़ ग्रुप इसे एक संकल्प के रूप में लेकर मंजिल तक पहुंचाएगा।

# पुरानी रंजिश में चली ताबड़तोड़ फायरिंग, दो गंभीर घायल, मंडी में अफरा-तफरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के व्यस्त और भीड़भाड़ वाले सब्जी मंडी परिसर में सोमवार सुबह का शांत माहौल गोलियों की आवाज से दहशत में बदल गया। आपसी विवाद ने इतना उग्र रूप ले लिया कि देखते ही देखते एक पक्ष ने पिस्तौल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान तीन लोग घायल हुए जबकि सचिन नामक आढ़ती को गोली लगने से उसकी मौत हो गई। लेकिन पुलिस का कहना है कि सचिन को गोली लगी है। उसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। जबकि अन्य दो व्यक्तियों की हातल खतरे से बाहर बताई जा रही है। यह घटना न केवल वहां मौजूद व्यापारियों और खरीदारों के लिए सदमे जैसी थी, बल्कि पूरे इलाके में भय का माहौल फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना रोज की तरह चल रहे व्यापार के बीच घटी। दो पक्षों के बीच पहले से चली आ रही रंजिश या लेन-देन के मामले को लेकर मंडी में गरमा-गरम बहस शुरू हुई। बात इतनी बढ़ी कि एक व्यक्ति ने जेब से पिस्तौल निकालकर सीधे फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही लोग अपनी जान बचाने के लिए स्टॉल और गाडि ?ों के पीछे छिपने लगे। गोली लगने से घायल हुए दोनों व्यक्तियों को तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने घायलों के नाम उजागर नहीं किए हैं। डॉक्टरों की टीम उनकी जान बचाने में जुटी हुई है। वारदात की सूचना पुलिस को मिली तो डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल से लेकर चौकी प्रभारी तक भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से कारतूस के खोखे और अन्य साक्ष्य जुटाए गए। प्रारंभिक जांच में विवाद का कारण पुरानी रंजिश या पैसों का लेन-देन सामने आ रहा है, हालांकि पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि से पहले सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# श्री केसरी नंदन सेवा समिति (कौशांबी) के सुंदरकांड पाठ और श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पहुंचे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद:** श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा आयोजित सुंदरकांड और श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भाजपा महानगर के अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचे और कौशांबी की जनता ने दिल खोलकर उनका स्वागत किया। कौशांबी निवासी और समिति सदस्य वरुण शर्मा ने बताया की कौशांबी में प्रथम आगमन के लिए महानगर अध्यक्ष ने किसी राजनेतिक कार्यक्रम को नही बल्कि एक धार्मिक और सामाजिक आयोजन को चुना और यही बात उन्हे सबसे अलग और इतना लोकप्रिय बनाती हैं। समिति के सदस्यों कमल ओबेरॉय, शिव भरद्वाज, अशोक परवाल, उमा शंकर शर्मा, मन्दिर के प्रधान आशीष गौर सहित कई बंधुओ ने मयंक गोयल जी को पगड़ी पहना कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता सार्थक सिन्हा और वरुण शर्मा ने भी महानगर अध्यक्ष को पटका पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कौशांबी के भक्तो की मांग पर कृष्ण भजन सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया और पूरा वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया। सुंदरकांड और कृष्ण भजनों की प्रस्तुति पंडित शिव मोहन मिश्रा और साथियों द्वारा की गयी। उपस्थित भक्तो ने इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की और अयोजको के इस प्रयास को बेहद सराहा। इस अवसर पर डॉ आचार्या कृति शर्मा, लक्ष्मी कांत चान्ना, सुनीता परवाल, संगीता श्रीवास्तव, नीति गौर, नेहा सेल्ही, मंजु यादव, सुधीश अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, सरोज, नीरजा, सुनीता चौरसिया, डौली, मंजु शर्मा, जयश्री, सिनु माला प्रसाद, अभय गौड़, योगऋषि गोपाल, मंजु, संवरमल गोयल, संजय भटनागर, प्रीति, रीमा, अलका गुप्ता और रजनी गोयल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

